16 नवंबर, 2024
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 28

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


राम को आदिवासियों ने बनाया भगवान : मोदी



आप हमें समर्थन दिजिए

## क्षेत्र के लोगों ने निर्दलीय प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की

हम आपको परिवर्तन देंगे

## ढुल्लू के आतंक से बाघमारा की जनता को निजात दिलाना ही मकसद : रोहित

महुदा : विधानसभा चुनाव में सभी पार्टियां जहाँ अपनी पूरी ताकत के साथ चुनाव प्राचार कर रही हैं, साथ ही कई बड़ी पार्टियों के स्टार प्रचारकों का आना-जाना तेज हो गया हैं, वहीं बाघमारा विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी रोहित यादव भी किसी बड़ी पार्टी के प्रत्याशी से कम नहीं दिख रहे हैं। शुक्रवार को भोजपुरी अभिनेत्री व गायिका अक्षरा सिंह रोहित यादव के पक्ष में कतरास स्थित राहुल चौक से रोड शो करते बाघमारा के माटीगढ़ मैदान में आयोजित एक विशाल चुनावी जनसभा में पहुंची। वहाँ उन्होंने आम जन मानस को संबोधित करते रोहित यादव के लिए जनता से वोट की अपील की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अगर रवा लोग रोहित भैया के जीतई तों ऐजा एक कट्ठा जमीन लेकर रह जाई। उन्होंने कहा कल ही मुझे फोन कर जान से मारने एवं 50 लाख की रंगदारी मांगी गई हैं। किन्तु वे सिर्फ रोहित यादव के लगन एवं अथक परिश्रम की चर्चा अखबारों व मिडिया के माध्यम से देख एवं पढ़ कर काफी प्रभावित हुई और बिना अपनी जान की परवाह करते रोहित जी के लिए आपलोगो से वोट की अपील करने आयी हूँ। मैं चाहती हूँ की आप सभी रोहित जी को क्रम संख्या 12 सिलाई मशीन छाप पर बटन दबाकर इन्हें भारी से भारी मतों से विजयी बनाये। वहीं प्रत्याशी रोहित यादव ने अपने संबोधन में कहा कि चुनावी वैतरणी पार लगाना जनता का काम है। ढुल्लू महतो के आतंक से बाघमारा की जनता को निजात दिलाना ही उनका मकसद है। कहा कि आज देश के किसी कोने में इतनी बेरोजगारी नहीं है, जितनी बाघमारा में है। यहां पेयजल की एक बहुत बड़ी समस्या है, हम लोगों को निजात दिलाएंगे। वहीं सांसद ढुल्लू को आड़े हांथो लेते कहा कि चोर मचाए शोर वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। उन्होंने अकूत संपति बनाकर रखा है। सांसद ढुल्लू 1993-94 में मेरे यहां मजदूर का काम करते थे। इसके लिए उन्हें 1200 रुपए वेतन के रूप मिलता था। आज वह दस हजार करोड़ की संपत्ति के मालिक हैं। जो जनता का पैसा हैं, इनका हिसाब उन्हें बाघमारा वासियो को देना पड़ेगा। उन्होंने लेडीडुमर, बरोरा व बाघमारा में लोगों की जो जमीने छिनी हैं, उसे मैं रैयतो को वापस दिलाऊंगा। अंत में उन्होंने बाघमारा के मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की ।





एक कदम विकास की ओर ...
विधानसभा बाघमारा क्षेत्र से

# रोहित यादव

आपका अपना निर्दलीय प्रत्याशी






क्र.सं.
12

चुनाव चिन्ह



सिलाई मशीन

पर अपना वोट एवं समर्थन
देकर भारी मतों से विजयीं बनायें

# रोहित यादव

निर्दलीय प्रत्याशी
बाघमारा विधानसभा

# कोयलांचल की छह सीटों पर दिलचस्प है मुकाबला

## ■ हर सीट की अलग है कहानी, अलग हैं किरदार और अलग है मंच

## ■ कहीं त्रिकोणीय है मुकाबला, तो कहीं रूठने-मनाने में फंसा है पेंच

**झारखंड विधानसभा की 43 सीटों पर चुनाव खत्म हो गया है। अब दूसरे चरण में 20 नवंबर को 38 विधानसभा सीटों पर वोट डाले जायेंगे, जिनमें कोयलांचल की 10 सीटें शामिल हैं। इस चरण में 55 महिला और एक थर्ड जेंडर प्रत्याशी समेत कुल 528 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। राष्ट्रीय पार्टियों ने दूसरे चरण में 13 महिलाओं को टिकट दिया है। इस बार दूसरे चरण चुनाव प्रचार के लिए प्रत्याशियों को सिर्फ 16 दिनों का ही समय मिला है। 18 नवंबर की शाम को चुनाव प्रचार का शोर थम जायेगा। नतीजे 23 नवंबर को आयेंगे। 10 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोयलांचल पहुंचे थे। उन्होंने धनबाद-बोकारो की 10 सीटों को साधने की कोशिश की। 2019 में धनबाद-बोकारो की 10 सीटों में छह पर भाजपा की जीत हुई थी। एक सीट आजसू को मिली थी। पीएम मोदी की सभा में धनबाद-बोकारो की सभी सीटों के भाजपा उम्मीदवार मंच पर थे। सभी उम्मीदवारों को प्रधानमंत्री की सभा से बड़ी उम्मीद है। वैसे कोयलांचल में प्रधानमंत्री की सभा से कितना लाभ होगा, यह तो 23 नवंबर के परिणाम के बाद ही पता चलेगा, लेकिन प्रधानमंत्री ने कोयलांचल की सभी सीटों को एक मंच से साधने की कोशिश जरूर की। दूसरे चरण में धनबाद की जिन छह सीटों पर चुनाव होना है, वहां चुनाव प्रचार ने रफ्तार पकड़ ली है। भाजपा, झामुमो, कांग्रेस और राजद समेत अन्य पार्टियों के नेताओं की सभाएं चल रही हैं। अब राज्यस्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर के स्टार प्रचारकों का जमावड़ा लगेगा। इन सब के बीच कोयलांचल धनबाद की छह विधानसभा सीटों पर क्या है ताजा समीकरण और हालात, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता मनोज मिश्र।**

आजाद सिपाही विशेष

**धनबाद** जिले में कुल छह विधानसभा सीट है। 2019 में चार पर भाजपा का कब्जा रहा, जबकि एक कांग्रेस और एक झारखंड मुक्ति मोर्चा के खाते में गयी थी। इस बार भाजपा ने सिंदरी, टुंडी और बाघमारा से उम्मीदवार बदल दिये हैं, जबकि निरसा और धनबाद में निर्वतमान विधायक को मौका दिया है। सिंदरी में सीटिंग विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी को प्रत्याशी बनाया गया है। इंद्रजीत महतो पिछले साढ़े चार साल से बीमार हैं और हैदराबाद में इलाजरत हैं। भाजपा ने टुंडी से विकास महतो को उम्मीदवार बनाया है, जबकि बाघमारा से ढुल्लू महतो के भाई शत्रुघ्न महतो को टिकट दिया है। ढुल्लू महतो अब सांसद हैं। धनबाद से सीटिंग विधायक राज सिन्हा और निरसा से अपर्णा सेनगुप्ता को भाजपा ने पुनः मौका दिया है।

कोयलांचल हमेशा से भाजपा को खाद-पानी देने वाला क्षेत्र रहा है। इस बार भाजपा पूरे दमखम के साथ चुनाव मैदान में है। केंद्रीय नेताओं से लेकर स्थानीय नेताओं ने पूरा जोर लगा रखा है। हालांकि देखना होगा कि 2019 के रिकॉर्ड से भाजपा आगे जा पाती है अथवा नहीं।

भाजपा के मुकाबले इंडी गठबंधन ने भी धनबाद की सभी छह सीटों पर जोरदार टक्कर देने की रणनीति बनायी है। निरसा से तीन बार के विधायक रहे अरुप चटर्जी को इंडी अलायंस के घटक भाकपा-माले ने उम्मीदवार बनाया है। वहीं सिंदरी से भी माले प्रत्याशी चंद्रदेव महतो को उतारा गया है। ये दोनों सीट लंबे समय तक लाल झंडा और वामपंथी मार्क्सवादी समन्वय समिति (मासस) का गढ़ रही है। मासस का अब भाकपा माले में विलय हो गया है। बंगाल की सीमा से सटे इस क्षेत्र में वामपंथी समर्थकों की संख्या अच्छी-खासी है। ऐसे में 2024 में क्या होगा, यह तो वक्त ही बतायेगा। लेकिन निरसा और सिंदरी विधानसभा सीट पर इस बार भाजपा के लिए चुनौती कड़ी होने वाली है। 2019 में भाजपा ने इस लाल गढ़ में जीत हासिल की थी, लेकिन इस बार मासस और भाकपा माले के एक होने और झामुमो का उम्मीदवार नहीं उतरने से मुकाबला दिलचस्प हो गया है।

इधर, बाघमारा में भाजपा के शत्रुघ्न महतो के खिलाफ इंडी अलायंस ने झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी उपाध्यक्ष जलेश्वर महतो पर एक बार फिर भरोसा जताया है। हालांकि बाघमारा से जलेश्वर महतो पिछले चार चुनाव से हारते रहे हैं। 2019 के चुनाव में मामूली अंतर से वह हारे थे। कांग्रेस के उन पर भरोसा जताने की शायद यही मुख्य वजह रही। जलेश्वर महतो के पक्ष में कांग्रेस नेता राहुल गांधी यहां प्रचार कर चुके हैं। उधर टुंडी सीट से झामुमो के सीटिंग विधायक मथुरा प्रसाद महतो फिर प्रत्याशी हैं। साल 1985 के बाद से टुंडी झामुमो का गढ़ बन गया है, जिसका फायदा मथुरा महतो को मिलना तय माना जा रहा है, लेकिन भाजपा के विकास महतो पूरी ताकत से चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं।

धनबाद की सबसे चर्चित झरिया सीट पर एक बार फिर सिंह मेंशन और रघुकुल के बीच लड़ाई है। सीटिंग विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह अपनी देवरानी भाजपा की रागिनी सिंह के साथ एक बार फिर चुनावी दंगल में हैं। आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। जनता जनार्दन चुप और बेचैन दिख रही है। शिक्षा और अशिक्षा, विकास और विनाश की बातें सुर्खियों में हैं, तो झरिया को संवारने और उजाड़ने की बात भी बहस का कारण बना हुआ है।

इधर, धनबाद में भाजपा के राज सिन्हा लगातार तीसरी बार विधायक बनने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे हैं, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी अजय दुबे भी पीछे नहीं हैं। हालांकि कांग्रेस अपने संगठन में उलझी हुई है। जिलाध्यक्ष की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। चुनाव के दौर में कांग्रेस कार्यकताओं के बीच हिंसक झड़प और जिलाध्यक्ष के खिलाफ एफआइआर कांग्रेस संगठन को कमजोर बना रही है। साथ ही समर्थकों के उत्साह को कम करने के अलावा विरोधियों को निशाना साधने का मौका भी दे रहा है।

धनबाद की छह विधानसभा सीटों पर किस्मत आजमाने वालों




में से तीन ऐसे नेता भी हैं, जो कभी न कभी लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। लेकिन 2024 के विधानसभा चुनाव में फिर एक बार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इन प्रत्याशियों में से दो ऐसे हैं, जो गिरिडीह से लोकसभा का चुनाव लड़े। एक धनबाद लोकसभा से चुनाव लड़ चुके हैं। ऐसे लोगों की लिस्ट में पहला नाम है टुंडी से झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो का। दूसरा बाघमारा से कांग्रेस उम्मीदवार जलेश्वर महतो और तीसरा धनबाद से कांग्रेस के प्रत्याशी अजय दुबे का नाम शामिल है।

### निरसा और सिंदरी में त्रिकोणीय मुकाबला

निरसा लंबे समय से मासस का गढ़ रहा है। साल 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने यह सीट जीत कर सबको चौंका दिया था। लेकिन 2024 के चुनाव में भाजपा के लिए यह सीट बचाये रखना आसान नहीं होगा। मासस और भाकपा माले के एक होने से समीकरण बदल गये हैं। माले प्रत्याशी अरूप चटर्जी की नजर ग्रामीण मतदाताओं पर टिकी है। निरसा विधानसभा के कुल 3.9 लाख मतदाताओं में ग्रामीण मतदाताओं की संख्या लगभग लगभग 61.39% है। 2019 के विधानसभा चुनाव में निरसा विधानसभा में झामुमो को 22.3 फीसदी, मासस को 30.1 और भाजपा को 42.2 फीसदी वोट मिले थे। वहीं 2014 में झामुमो को 21.5 फीसदी वोट मिले थे। भाजपा प्रत्याशी अपर्णा सेनगुप्ता का जगह-जगह वोटर विरोध कर रहे हैं और इसका वीडियो भी खूब वायरल हो रहा है। यहां से झामुमो के बागी जेएलकेएम प्रत्याशी अशोक मंडल इन दोनों को कड़ी चुनौती दे रहे हैं। निरसा की जनता भी अशोक मंडल के पक्ष में गीत गुनगुना रही है।

### सिंदरी में बीजेपी की बढ़ी चुनौती

सिंदरी विधानसभा के कुल 3.20 लाख मतदाताओं में से ग्रामीण मतदाताओं की संख्या लगभग 79.7 फीसदी। वहीं कुल मतदाताओं में 19.5 फीसदी मुस्लिम, 26.4 फीसदी एसटी तथा 2.71 फीसदी एससी मतदाता हैं, जबकि करीब नौ फीसदी आदिवासी मतदाता हैं। मासस, जो अब भाकपा-माले बन गयी है, सिंदरी विधानसभा में भाजपा को कड़ी टक्कर देता रहा है। कभी लालखंड में शुमार सिंदरी झारखंड बनने के बाद भाजपा का गढ़ बन गया है। सिंदरी विधानसभा के मंडल, ब्राह्मण, भूमिहार, रवानी, राजपूत आदि भाजपा के कोर वोटर बन गये हैं, जबकि एम स्क्वायर यानि मुस्लिम तथा आदिवासी झामुमो के साथ रहे हैं, तो महतो वोटर वामपंथी मासस के साथ रहे हैं। इस बार एम क्यूब फैक्टर इंडी गठबंधन समर्थित प्रत्याशी के साथ खड़ा है। सिंदरी में करीब 55 हजार मुस्लिम वोटर हैं, तो कुर्मी महतो वोटरों की संख्या भी करीब 55 हजार है। करीब 11 हजार आदिवासी मतदाता हैं। बीते लोकसभा चुनाव में 71 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस लिहाज से करीब 75-80 हजार फिक्स वोटर भाकपा माले प्रत्याशी के पाले में हैं। इस बार झामुमो का वोट माले प्रत्याशी चंद्रदेव महतो को मिलने की संभावना बनती दिख रही है। ऐसे में उनके लिए साल 2019 के 3.6 प्रतिशत वोट के अंतर को पाटना बहुत ही आसान है। जयराम महतो की पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) ने सिंदरी विधानसभा क्षेत्र से उषा महतो को प्रत्याशी बनाया है। उषा महतो मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में जुटी हुई हैं। ऐसे में भाजपा के तारा देवी के लिए अपनों की नाराजगी बेहद नुकसानदेह साबित होगी। यदि समय रहते नाराजगी को नहीं पाटा गया, तो भाजपा को जीती सीट गंवानी पड़ सकती है।

### बाघमारा में रोहित बिगाड़ रहे हैं जलेश्वर और शत्रुघ्न का खेल

बाघमारा में भाजपा की बात करें, तो ढूल्लू महतो के चक्रव्यूह को तोड़ना जलेश्वर महतो और निर्दलीय रोहित यादव के लिए आसान नहीं है। कांग्रेस के बागी रोहित यादव पहली बार चुनावी मैदान में हैं और त्रिकोणीय मुकाबले की जमीन तैयार कर दी है। दोनों के वोट बैंक में रोहित यादव जबरदस्त सेंधमारी कर रहे हैं। रोहित के समर्थकों में भी जोश और उत्साह है। बसपा उम्मीदवार ने रोहित यादव को अपना समर्थन दे दिया है। वहीं साल 2019 में निर्दलीय रहे कन्हाई चौहान ने भी रोहित यादव को समर्थन दिया है। कांग्रेस की अंदरूनी कलह भी रोहित यादव को फायदा पहुंचा रहा है। पिछले चुनाव में बहुत कम अंतर से हारने वाले जलेश्वर महतो के लिए इस बार जीत की राह आसान लग रही थी, लेकिन रोहित यादव के उतरने से अब स्थिति बदल गयी लगती है। वहीं भाजपा प्रत्याशी शत्रुघ्न महतो अपने छोटे भाई ढूल्लू महतो की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए जोरदार चुनावी प्रचार कर रहे हैं। उन्हें भरोसा है कि बाघमारा की जनता उन्हें आशीर्वाद देगी।

### धनबाद में हैट्रिक लगाने की तैयारी में भाजपा

धनबाद सीट पर मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडी गठबंधन के बीच है। एनडीए की तरफ से भाजपा ने मौजूदा विधायक राज सिन्हा को फिर से टिकट दिया है। वहीं इंडी गठबंधन की तरफ से कांग्रेस ने अजय दुबे को उम्मीदवार बनाया है। झारखंड अलग राज्य बनने के बाद इस सीट पर तीन बार भाजपा और एक बार कांग्रेस का कब्जा रहा है। अजय दुबे साफ छवि के माने जाते हैं। अपने विनम्र स्वभाव के जरिये वह जनता का दिल जीतने के मिशन में जुट गये हैं। कोयला मजदूरों के बीच भी जा रहे हैं। लेकिन उन्हें ड्डितरघात का खतरा बढ़ गया है। जाहिर है धनबाद की बाजी जीतने के लिए अजय दुबे को रूठे नेताओं का तो साथ हासिल करना होगा ही।

### झरिया के मन में क्या, झरिया ही जाने

झरीया में एक ही कुनवे की दो बहुओं के बीच मुख्य मुकाबला है। सिंह मेंशन और रघुकुल आमने-सामने है। कांग्रेस प्रत्याशी पूर्णिमा नीरज सिंह पिछले पांच साल में झरिया के विकास के लिए किये गये कार्यों को लेकर जनता से दोबारा आशीर्वाद मांग रही हैं, तो वहीं भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह पांचों साल में जनता के साथ रहकर किये गये कार्यों को लेकर चर्चा में हैं। लोगों का कहना है कि पिछली बार हार के बाद रागिनी सियासत के हर रंग को समझने लगी हैं। अपने देवर सिद्धार्थ गौतम को श्रमिक राजनीति में पिता जैसा सबल बनाने की कोशिश कर रही है। फलस्वरूप, सिंह मेंशन के सिद्धार्थ गौतम अपनी चचेरी भाभी पूर्णिमा नीरज सिंह के विरुद्ध रागिनी सिंह के साथ खड़े हैं। वहीं दूसरी तरफ सिंह मेंशन के रणनीतिकार और चाणक्य कहे जाने वाले रामधीर सिंह का पूरा परिवार राजन सिंह की पुत्रवधू पूर्णिमा नीरज सिंह के साथ खड़ा है। रामधीर सिंह की पत्नी धनबाद की पहली मेयर इंदू देवी और बहू आशनी सिंह पूर्णिमा नीरज सिंह के लिए चुनाव प्रचार कर रही हैं।

### ट्रिपल एम तय करेंगे टुंडी का सियासी समीकरण

टुंडी विधानसभा क्षेत्र में तीन महतो के बीच मुकाबला है। झामुमो, भाजपा और जेकेएलएम ने महतो प्रत्याशी दिये हैं। वैसे टुंडी की सियासत को करीब से समझने वालों की मानें, तो यहां महतो के साथ आदिवासी और अल्पसंख्यक मतदाता सियासी समीकरण को बनाते-बिगाड़ते हैं। ऐसे में अल्पसंख्यक और आदिवासी मतदाता के साथ इन तीन समुदायों से इतर जो 50 प्रतिशत मतदाता हैं, वे समीकरणों के हिसाब से अहम होंगे। विधानसभा क्षेत्र की कुल आबादी का लगभग 48 प्रतिशत महतो, अल्पसंख्यक और आदिवासी समुदाय से आते हैं। महतो प्रत्याशियों की भरमार है। ऐसे में अल्पसंख्यक और आदिवासी मतदाता अहम होंगे। 1985 के बाद टुंडी विधानसभा सीट से भाजपा कभी नहीं जीती है। भाजपा की सहयोगी पार्टी आजसू को सफलता जरूर मिली है। इस बार आजसू की तर्ज पर भाजपा ने महतो जाति से जिप सदस्य विकास महतो को प्रत्याशी बनाकर झामुमो को घेरने की कोशिश की है। भाजपा दावा करती है कि 1985 के इतिहास को टुंडी में दोहरायेगी। दावे में कितना दम है, यह चुनाव परिणाम के बाद पता चलेगा।


---

# जेएमएम का मतलब-जमकर मलाई मारो : राजनाथ सिंह

## झारखंड में 13 मुख्यमंत्री बने-लेकिन तीन ने जेल की हवा खायी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**महगामा।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने महगामा में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि, शुक्रवार को गुरु पर्व, भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और झारखंड प्रदेश का स्थापना दिवस का दिन है। आज ये बताने की जरूरत नहीं है कि, भाजपा और हमारे नेताओं का आदिवासी समाज के लिए कितना सम्मान रहा है। भगवान बिरसा मुंडा का संघर्ष देश के युवाओं को हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। आजाद भारत के इतिहास में पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को देश भर में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया।



रक्षा मंत्री ने कहा कि, झारखंड की जनता ने 13 बार मुख्यमंत्रियों को बनते देखा है, जिनमें से तीन मुख्यमंत्रियों को जेल की हवा खानी पड़ी है। लेकिन भाजपा के 3 मुख्यमंत्री रहे हैं, जिन पर कभी भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगे हैं। उन्होंने कहा कि, पहले चरण के मदान से स्पष्ट हो गया है कि, प्रदेश में भजपा-एनडीए की सरकार बनने जा रही है।

उन्होंने इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि, कांग्रेस-आरजेडी-राजद तीनों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि, जेएमएम का मतलब-जमकर मलाई मारो है। कांग्रेस जिस भी राज्य में जिस भी दल के साथ मिलकर चुनाव लड़ी है, वहां बंटाधार हो गया है। झारखंड में झामुमो-कांग्रेस-राजद ने जमकर भ्रष्टाचार किया है। उन्होंने कहा कि, हेमंत सोरेन ने सत्ता के लालच में चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री पद से हटाया, ताकी जमकर भ्रष्टाचार कर सके। प्रदेश की हलत ये है कि, यहां मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए भी पैसा लिया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने हर घर नल और नल से जल पहुंचाने का अभियान चलाया, लेकिन हेमंत सरकार ने नल का भी पैसा लेना शुरू कर दिया।

रक्षा मंत्री ने हेमंत सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि, चुनाव से पहले जो युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था, कहां है वो? कांग्रेस कहती है कि, हमारी सरकार बनते ही जातिगत जनगणना करवाई जायेगी और उसी आधार पर आरक्षण देंगे। मैं कांग्रेस से कहना चाहता हूं कि, राजनीति सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि देश बनाने के लिए की जानी चाहिए। उन्होंने मंडल मुर्मू को लेकर कहा कि, वे भाजपा में शामिल हो गये क्योंकि झामुमो की नांव डूबने वाली थी।

उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि, ऐसी सरकार बनाओ जिसके दामन पर भ्रष्टाचार के दाग न हो और न ही लगने पाये। भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अगर कोई बेदाग पार्टी है, तो वो भारतीय जनता पार्टी है।

---

## मंईयां के विरोधियों को लगा करारा झटका

# कल्याणकारी योजनाओं का विरोध करती है भाजपा : कल्पना सोरेन

**20 वर्ष तक भाजपा के लोगों ने झारखंड में शासन किया, लेकिन माताओं-बहनों के लिए कुछ नहीं किया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जरमुंडी।** जरमुंडी में बादल पत्रलेख के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने भाजपा को करारा जवाब दिया। कल्पना सोरेन ने कहा, मंईयां सम्मान का विरोध करने वालों को न्यायालय द्वारा करारा जवाब दिया गया है। भाजपा के पीआइएल गैंग को जोरदार तमाचा पड़ा है। 20 वर्ष तक भाजपा के लोगों ने झारखंड में शासन किया लेकिन किसी ने भी यहां की महिलाओं, बहनों और बेटियों के लिए सशक्तिकरण के लिए कोई योजना नहीं बनायी, जिसके तहत उन्हें



ताकत मिले। हम महिलाओं के लिए कई योजना लेकर आये हैं। किशोरियों की शिक्षा के लिए योजना, ताकि उनकी शिक्षा में बाधा नहीं हो, झारखंड में यह पहली बार है फूलो झानो आशीर्वाद अभियान, पहली बार महिला सम्मान योजना। जिसके तहत माता-बहन को प्रति माह एक हजार रुपये की सम्मान राशि दी जा रही। अब तक चार किस्त 55 लाख माता-बहनों को दी जा चुकी है। दिसंबर माह से 2500 रुपये प्रतिमाह जाने वाला है।

कल्पना सोरेन ने कहा कि मंईयां अपना आशीर्वाद हेमंत को दे रहीं हैं। उम्मीद है सभी मंईयां जरमुंडी के अपने बेटे को भी आशीर्वाद देंगी, ताकि जरमुंडी के विकास को आगे बढ़ाया जा सके।

www.epaper.azadsipahi.in

16 नवंबर, 2024
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 28

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

### प्रधानमंत्री जमुई में 'जनजातीय गौरव दिवस' कार्यक्रम में हुए शामिल

# राम को आदिवासियों ने बनाया भगवान : मोदी

- 6640 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन शिलान्यास किया
- 80 हजार करोड़ की धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान की शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमुई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को जमुई में बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर यहां आयोजित 'जनजातीय गौरव दिवस समारोह' में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने 6640 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। साथ ही प्रधानमंत्री ने 80 हजार करोड़ के 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' की शुरुआत की। उन्होंने पीएम-जनमन के तहत बने 11 हजार जनजाति आवासों के गृह प्रवेश में भी हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने बिरसा मुंडा की स्मृति में विशेष सिक्के और डाक टिकट का भी अनावरण किया। पीएम ने बिरसा मुंडा के नाम पर 150 रुपये का सिक्का और पांच रुपये का स्मारक डाक टिकट जारी किया है। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिवासी समाज वो है, जिसने राजकुमार राम को भगवान राम बनाया। आदिवासी समाज वो है, जिसने भारत की संस्कृति और आजादी की रक्षा के लिए सैकड़ों वर्षों की लड़ाई को नेतृत्व दिया। प्रधानमंत्री का भाषण आदिवासी समाज पर केंद्रित रहा।



### बिरसा मुंडा जनजातीय गौरव उपवन बनेगा

प्रधानमंत्री ने कहा कि देशभर में बिरसा मुंडा जनजातीय गौरव उपवन बनाये जायेंगे। इन उपवनों में आदिवासी परंपराओं को सहेजा जायेगा। इनमें 500 से हजार पेड़ लगाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि हम मिलकर आदिवासी विचारों को नये भारत के निर्माण का आधार बनायेंगे। आदिवासी परंपराओं को सहजेंगे और उनसे सीखकर सशक्त और सामर्थ्यवान भारत का निर्माण करेंगे।

### आदिवासी क्षेत्रों में हो रहा बेहतर कार्य

प्रधानमंत्री ने बताया कि कैसे सरकार आदिवासियों में एनीमिया की समस्या से निपटने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए काम कर रही है। मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। 700 एकलव्य स्कूल खोले जा रहे हैं। सरकार आदिवासी समुदायों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की घोषणा की। इस अभियान के तहत आदिवासी बहुल गांवों में 80 हजार करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे।

### राज्यपाल और सीएम ने किया धरती आबा को नमन



धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर शुक्रवार को पूरे देश में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश ने उलगुलान के नायक को श्रद्धांजलि अर्पित की। रांची में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी धरती आबा के सामने सिर झुकाया और श्रद्धांजलि अर्पित की।

## न्यूज रील्स

### काशी की देव दिवाली 84 घाट 25 लाख दीयों से जगमगाये

वाराणसी। वाराणसी में देव दिवाली मनायी गयी। मुख्य अतिथि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नमो घाट पर पहला दीया जलाया। इससे पहले उन्होंने नमो घाट का लोकार्पण किया। उप राष्ट्रपति ने योगी से पूछा, क्या नमो घाट दुनिया का सबसे बड़ा है? योगी ने कहा कि दुनिया में और कहीं घाट है ही नहीं। जवाब सुनकर धनखड़ हंसने लगे। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, सीएम योगी और केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने भी दीप जलाये। सेना के तीनों विंग ने अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। काशी में मां गंगा किनारे 84 घाटों और 700 मंदिरों में 25 लाख दीये जगमगा रहे हैं। आतिशबाजी से आसमान रंगा नजर आया। मां गंगा की महाआरती की गयी। देव दीपावली देखने इंडोनेशिया, वियतनाम और फ्रांस समेत 40 देशों के मेहमान आये हैं। अनुमान के मुताबिक दुनियाभर से 15 लाख लोग काशी पहुंचे हैं।

### दिल्ली में हवा जहरीली 5वीं तक स्कूल बंद

दिल्ली। दिल्ली में प्रदूषण गुरुवार को बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। यहां 39 पॉल्यूशन मॉनिटरिंग स्टेशंस में से 32 ने एयर क्वालिटी इंडेक्स को गंभीर बताया है। इस हवा में सांस लेना भी मुश्किल होता है। यहां सभी प्राइमरी (5वीं क्लास तक) स्कूलों में छुट्टी कर दी गयी है। बच्चे ऑनलाइन क्लास में पढ़ेंगे।

# संताल को झारखंड से अलग करने की साजिश करने वाली भाजपा को यहां से भगाना है: हेमंत

**मुख्यमंत्री ने नाला और बोरियो समेत चार चुनावी सभाओं को किया संबोधित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नाला/बोरियो।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को नाला, बोरियो समेत चार चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा और केंद्र सरकार पर निशान साधा, साथ ही अपनी सरकार के द्वारा जनहित में किये गये कार्यों को भी गिनाया। हेमंत ने कहा कि संताल परगना को झारखंड से अलग करने की साजिश करने वाले भाजपा के फिरकापरस्त लोगों को यहां से भगाने का काम करना है। इस चुनाव के बाद फिर से इंडिया गठबंधन की अबुआ सरकार बनायेंगे और झारखंड को खुशहाल बनायेंगे।



हेमंत ने कहा कि भाजपा ने पूरे पांच साल तक हमारे खिलाफ साजिश की। हमने दिन-रात अपनी राज्य की जनता के लिए काम किया। आज आपके इस बेटे और भाई ने आपके कंधे का बोझ कम करने का काम किया है। बहनों के लिए मंईयां सम्मान योजना की शुरुआत की और बिजली बिल माफ किया। भाजपा वालों से पूछिए कि उनलोगों ने क्या किया है। हेमंत ने कहा कि एक साथ चलकर हम अपने झारखंड को और मजबूत बनायेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना से भाजपा नेताओं के सीने में दर्द हो रहा है। इन लोगों बीस साल तक झारखंड को ठगा है। आज जब हमारी सरकार मां-बहनों को हर महीने एक हजार रुपये दे रही है, तो उनको दर्द हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार बनते ही सभी के खाते में साल में एक-एक लाख रुपये भेजे जायेंगे। भाजपा वाले केवल हिंदू-मुस्लिम करके किसी तरह चुनाव जीतना चाहते हैं।

### धनवार में आज चुनावी सभा करेंगे अमित शाह



रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को गिरिडीह आ रहे हैं। वह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह धनवार से प्रत्याशी बाबूलाल मरांडी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा वद दुमका और देवघर में भी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। उधर, सरिया में राजद के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की जनसभा होनी है। वहीं, देवरी में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, तो धनवार के घोड़तंबा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की चुनावी सभा होगी। सभी दल अपने-अपने नेताओं की सभा की तैयारी में जुटे हैं।

# पैसा आपका है, अडाणी का नहीं : राहुल गांधी

**कांग्रेस नेता ने महगामा और बेरमो में केंद्र पर साधा निशाना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा/बोकारो।** लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को महगामा और बेरमो में जनसभा को संबोधित किया। महगामा विधानसभा क्षेत्र के चुनावी सभा में उन्होंने भाजपा और केंद्र सरकार पर जम कर निशाना साधा।

राहुल ने कहा कि मुंबई के धारावी की जमीन एक लाख करोड़ रुपये की है। इसको महाराष्ट्र सरकार और नरेंद्र मोदी, गौतम अडाणी को देना चाह रहे हैं। वहां हमारी सरकार थी और ऐसा नहीं हो पा रहा था, तो उन्होंने सरकार गिरा दी। उन्होंने कहा कि आप जितनी जीएसटी देते हैं, उतना ही अडाणी भी देते हैं। पांच हजार कमाने वाला 18 फीसदी जीएसटी दे रहा, अडाणी भी उतना ही देगा। जीएसटी दिल्ली सरकार को जाती है। यह आपका पैसा है, अडाणी का नहीं है।

**भाजपा-आरएसएस नफरत फैला रहे:** राहुल ने कहा कि नरेंद्र मोदी कहते हैं कि राहुल गांधी लाल किताब दिखा रहा है। मैं कहता हूं कि इसका रंग जरूरी नहीं है। इसमें जो लिखा है, वह जरूरी है। इसे मोदी ने जिंदगी भर नहीं पढ़ा है। वह इसे एक बार खोल लेते, तो देश में हिंसा फैलाने का काम नहीं करते। वह ऐसा इसलिए करते हैं, क्योंकि उन्होंने यह नहीं पढ़ा। उन्होंने कहा कि देश में बंद कमरे में नफरत फैलाने का काम भाजपा-आरएसएस के लोग करते हैं। संविधान को नरेंद्र मोदी क्या, दुनिया की कोई ताकत नहीं मिटा सकती है। अगर मिटाना है तो सामने आइये, फिर पता चलेगा कि जनता क्या करती है।



### हम किसी से नहीं डरते

राहुल ने कहा कि हम नरेंद्र मोदी से नहीं डरते हैं। हम 56 इंच की छाती और मन की बात से भी नहीं डरते। इंडिया गठबंधन संविधान की रक्षा कर रहा है। संविधान में अंबेडकर, गांधी और बिरसा मुंडा की सोच है। यह हिंदुस्तान की जनता की आत्मा है। उन्होंने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी अरबपतियों की कठपुतली हैं। वह वही करते हैं, जो अरबपति कहते हैं। मोदी जी पहले मन की बात सुनाते हैं। फिर अंबानी की शादी में चले जायेंगे। खाना खायेंगे, नाच देखेंगे, गाना सुनेंगे।

### झारखंड और दिल्ली में होगी जाति जनगणना

राहुल गांधी ने कहा कि पहले झारखंड में, फिर दिल्ली में जाति जनगणना होगी। देश में पिछड़े की आबादी की बात करें, तो यह कम से कम 50 फीसदी है। यह बात कोई जानता नहीं है, क्योंकि जाति जनगणना नहीं हुई है। नरेंद्र मोदी कहते हैं कि मैं पिछड़े वर्ग की इज्जत करता हूं और भूखा मार देते हैं। करोड़ों रुपये बिजनेसमैन को दे देते हैं।

# झामुमो आदिवासियों की नहीं घुसपैठियों की पार्टी : हिमंता

**जरमुंडी में चुनावी जनसभा में राज्य सरकार पर साधा मिशाना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जरमुंडी।** असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा के सह चुनाव प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को जरमुंडी में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होने कहा कि आज लगातार यहां आदिवासी आबादी घट रही है। मुस्लिम आबादी तेजी से बढ़ रही है। आज हिंदू 67 प्रतिशत और मुस्लिम आबादी 33 प्रतिशत हो गयी है। हमारे संथाल परगना में घुसपैठियों ने आना शुरू किया, लेकिन सरकार ने इस मुद्दे पर ध्यान नहीं दिया। ये बांग्लादेशी घुसपैठिये हैं। अपने झारखंड के मुसलमान नहीं हैं। पाकुड़ और साहिबगंज में ये आबादी 35 प्रतिशत हो गयी है।

हिमंता ने कहा कि झामुमो आदिवासियों की पार्टी नहीं है, बल्कि घुसपैठियों के वोट बैंक के लिए उनकी पार्टी बन गयी है। घुसपैठियों ने आदिवासियों की जमीनों पर कब्जा कर लिया, लेकिन सरकार ने आदिवासियों का साथ नहीं दिया। प्रदेश में एक



आदिवासी मुख्यमंत्री होने के बाद भी आदिवासियों को उनका सम्मान और उनका हक नहीं मिल रहा है। जामताड़ा और साहिबगंज में शुक्रवार को स्कूल बंद कर दिये जाते हैं। उन्होने हेमंत सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर शुक्रवार को स्कूल बंद किये जाते हैं, तो मंगलवार को भी बद होने चाहिए। आज झारखंड में रामनवमी का जुलूस नहीं निकलने दिया जाता और दुर्गा पूजा नहीं करने दी जाती। हिमंता ने कहा कि हिंदुओं को एक होना होगा। हमारे वोट बंट जाते है, लेकिन घुसपैठियों के वोट एक ही पार्टी को जाते हैं। इसलिए हमको एक रहना होगा, बंटने से बचना होगा- एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे।

# झामुमो विधायक दिनेश विलियम मरांडी भाजपा में शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लिट्टीपाड़ा से झामुमो के विधायक दिनेश मरांडी ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के सामने शुक्रवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। हिरणपुर (लिट्टीपाड़ा) में शिवराज ने एनडीए उम्मीदवार के समर्थन में आयोजित विजय संकल्प सभा में दिनेश का पार्टी में स्वागत किया। उन्होंने उम्मीद जतायी कि इससे



एनडीए सरकार के गठन में मदद मिलेगी। गौरतलब है कि लिट्टीपाड़ा से झामुमो ने विधानसभा चुनाव में पूर्व विधायक स्व. साइमन मरांडी के बेटे दिनेश का टिकट काट दिया था। इसके बाद से वे लगातार अपनी पार्टी पर हमलावर थे। वे लगातार इसे लेकर सवाल उठा रहे थे। इस बीच गुरुवार को झामुमो महासचिव ने दिनेश से 24 घंटे में जवाब देने को कहा था कि आखिर वे सार्वजनिक तौर पर झामुमो के खिलाफ बयानबाजी क्यों कर रहे हैं।

# प्रधानमंत्री के विमान में आयी खराबी, देवघर में ढाई घंटे रुके

**सुरक्षा के कारण नहीं निकले बाहर, विमान में ही बैठना पड़ा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवघर में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विमान में तकनीकी खराबी आ गयी। वे दोपहर 2:20 बजे विमान में सवार हो गये थे, लेकिन वह उड़ान नहीं भर पाया। दिल्ली से उनके लिए विशेष विमान भेजा गया। इसके बाद शाम 4.55 बजे दिल्ली रवाना हुए। सूत्रों के मुताबिक सुरक्षा के कारण एसपीजी ने उन्हें एयरपोर्ट के लाउंज तक भी जाने की अनुमति नहीं दी। इस वजह से उन्हें प्लेन में ही बैठे रहना पड़ा।


गौरतलब है कि प्रधानमंत्री शुक्रवार सुबह को भारतीय वायुसेना के विमान से देवघर आये थे। यहां से वे जनजातीय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने जमुई गये। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वह दोपहर में देवघर लौटे, जहां से उन्हें दिल्ली जाना था। इस बीच विमान में खराबी आ गयी थी। इसकी सूचना दिल्ली पीएमओ को भेजी गयी। वहां से दूसरा विमान भेजा गया।




## गोड्डा में डेढ़ घंटे तक राहुल हेलिकॉप्टर में फंसे रहे

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा।** गोड्डा में चुनावी सभा के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी का हेलिकॉप्टर डेढ़ घंटे तक रुका रहा। बताया जा रहा है कि एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) से गोड्डा के बेलबड्डा से हेलिकॉप्टर को उड़ान भरने की अनुमति नहीं मिली थी। पूरी घटना के दौरान राहुल गांधी हेलिकॉप्टर में ही बैठे रहे और मोबाइल देखते रहे। कांग्रेस ने इसकी शिकायत चुनाव आयोग से की है। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के जमुई से सभा कर देवघर एयरपोर्ट आने वाले थे। इस कारण राहुल के हेलिकॉप्टर को उड़ान भरने की अनुमति नहीं मिली थी। महगामा क्षेत्र से विधायक और कांग्रेस उम्मीदवार दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि हेलिकॉप्टर को सिर्फ इसलिए रोका गया कि प्रधानमंत्री देवघर में थे। राहुल गांधी को उस क्षेत्र से गुजरने की अनुमति नहीं दी गयी। प्रोटोकॉल है, जिसे हम समझते हैं। कांग्रेस ने 70 वर्षों तक देश पर शासन किया और किसी भी विपक्षी नेता के साथ ऐसी घटना कभी नहीं हुई। यह स्वीकार्य नहीं है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# बीजेपी का मुद्दा है समाज में नफरत फैलाना : हेमंत

**1932 खतियान की मांग करने वालों को बीजेपी के लोग बांग्लादेशी और आइएसआइ एजेंट बोलते हैं : जेएमएम**

**परिणाम आने दीजिये इन सबका जवाब सूद समेत मिल जायेगा: सीएम**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जेएमएम ने शुक्रवार को कहा कि है कि 1932 खतियान की मांग करने वालों को बीजेपी के लोग बांग्लादेशी और आइएसआइ एजेंट बोलते हैं। सोशल मीडिया एक्स पर जारी एक पोस्ट में मोर्चा ने ये कहा। इस पोस्ट को सीएम हेमंत सोरेन ने भी रिपोस्ट किया है। साथ ही उन्होंने कहा, कि बीजेपी का वन प्वाइंट मुद्दा है समाज में नफरत फैलाना। घुसपैठ औरा बंटेंगे तो कटेंगे के सवाल पर कहा कि 23 तारीख को पता चल जायेगा कि जनता ने इनको कितना महत्व दिया है। कहा कि जनता इनके एक-एक शब्द को समझ रही है। कहा परिणाम आने दीजिये इन सबका जवाब सूद समेत मिल जायेगा।

43 सीटों पर आकलन के बारे में कहा कि ये हमारा काम नहीं है कि कौन कहां से जीत रहा है, इसका सर्वे करें। कहा हम अपना काम करते हैं और जनता के बीच रहते हैं। जनता इसी के आधार पर हमें समर्थन देती है। झारखंड में यूसीसी के नाम पर कहा कि दरअसल बीजेपी के पास कोई मुद्दा नहीं है, सिवाये नफरत फैलाने के। ये लोग नफरत फैलाने के अभियान में लगे हुए हैं। कहा कि मणिपुर में क्या हो रहा है ये सवाल इनसे पूछना चाहिए। कहा सरना कोड पर कुंडली मार कर बैठे हैं। ये तो देते नहीं हैं। यूसीसी पर कहा कि असम में यूसीसी लागू है। इससे क्या हो गया है, इनसे पूछना चाहिए।

सीएम ने अपनी पार्टी जेएमएम के पोस्ट को रिट्वीट करते हुए कहा, 1932 खतियान की मांग करने वालों को भाजपा के लोग बांग्लादेशी और आइएसआइ एजेंट बोलते हैं। कहा, कोबरा सांप से ज्यादा जहरीला है भाजपाइयों का जहर। उन्होंने आगे कहा, अमर वीर शहीदों की इस क्रांतिकारी भूमि से नफरती और पॉकेटमार भाजपा के नफरत का अंत होकर रहेगा।

# जनजाति समाज के गौरव और सम्मान के लिए समर्पित है मोदी सरकार : बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती और झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार जनजाति समाज के गौरव और सम्मान के लिए पूरी तरह से समर्पित है।

**सराय काले खां चौक बना बिरसा मुंडा चौक :** बाबूलाल मरांडी ने दिल्ली के सराय काले खां चौक का नाम भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर रखने के फैसले को धरती आबा को सच्ची श्रद्धांजलि बताया। उन्होंने कहा कि यह कदम जनजातीय वीर सपूतों की विरासत को सम्मान देने का प्रतीक है।

**विपक्ष पर हमला:** मरांडी ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि दशकों तक झारखंड के आदिवासी नायकों और उनके गौरवशाली इतिहास को दबाने की कोशिश की गयी।




## जनजातीय गौरव दिवस का महत्व

मरांडी ने जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इससे देश का हर बच्चा भगवान बिरसा मुंडा की प्रेरणादायक गाथा से परिचित होगा। उन्होंने इसे आदिवासी समाज के सम्मान का प्रतीक बताया।

उन्होंने कहा कि विपक्ष ने झारखंड के वीर सपूतों की विरासत को अनदेखा किया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है।

**प्रधानमंत्री का आभार :** मरांडी ने झारखंड की जनता और जनजाति समाज की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के प्रयासों से झारखंड और उसके आदिवासी समाज को राष्ट्रीय पहचान और सम्मान मिल रहा है।

## मुख्यमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि

# आंदोलनकारियों के सपनों का झारखंड बनाना है : हेमंत सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को कोकर स्थित भगवान बिरसा मुंडा के समाधि स्थल पर जाकर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद मुख्यमंत्री बिरसा चौक पर पहुंचकर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और झारखंड राज्य स्थापना दिवस के इस खास मौके पर वे सभी को बधाई और शुभकामनाएं देते हैं।

मुख्यमंत्री ने गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर समाज में समरसता और मानवता का संदेश देते हुए राज्यवासियों को अनेक-अनेक बधाई और शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर भी सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए राज्य की खुशहाली के लिए मिलकर काम करने की अपील की।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि अमर वीर शहीदों और आंदोलनकारियों के सपनों का झारखंड बनाना ही उनका लक्ष्य है और इसे साकार करने के लिए राज्य के सभी लोगों को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है।

# झामुमो-कांग्रेस ने राज्य में घुसपैठियों को बढ़ावा दिया : गौरव भाटिया

**कांग्रेस ने हिमाचल में एक लाख सरकारी नौकरी पहली कैबिनेट में देने का वादा किया लेकिन नौकरी नहीं दी : राजीव बिंदल**

**तेलंगाना में कांग्रेस ने जो गांरटी दी, उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं किया : एटला राजेंद्र**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हिमाचल प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष राजीव बिंदल, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया एवं तेलंगाना के पूर्व मंत्री एटला राजेंद्र ने झामुमो-कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। रांची स्थित भाजपा मीडिया सेंटर में संयुक्त प्रेसवार्ता में गौरव भाटिया ने कहा कि शुक्रवार को भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती, झारखंड प्रदेश का स्थापना दिवस और गुरु पर्व का पावन दिन है। प्रदेश के पहले चरण के लिए मतदान हो चुका है। इसी के साथ ही प्रदेश की जनता ने स्पष्ट कर दिया है कि एनडीए की सरकार बनने जा रही है। भाटिया ने कहा कि झारखंड की जनता की आवाज बनकर एक भ्रष्टाचारी, निकम्मी और सांप्रदायिक तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली झामुमो-कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकना है। भाजपा भगवान बिरसा मुंडा की सीख को आगे बढ़ाते हुए रोटी-बेटी-माटी के नारे के साथ अपने संकल्प लेकर आयी है। उन्होंने आरोप लगाया कि झामुमो-कांग्रेस सरकार ने राज्य में घुसपैठियों को बढ़ावा दिया है और आदिवासी समाज के अधिकारों का उल्लंघन किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकास की बात करते हैं, भाजपा ने विकास किया है। झारखंड प्रदेश से सभी घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि, एक रहोगे तो सेफ रहोगे ये नारा देश के हर कोने में पहुंच गया है। कांग्रेस व झामुमो झारखंड की संस्कृति और अस्मिता को खतरे में डाल रहे हैं। भाटिया ने कांग्रेस झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर के बयान का भी विरोध किया, जिसमें उन्होंने गैस सिलेंडर को घुसपैठियों को देने की बात की थी। भाटिया ने सवाल उठाया कि आखिर क्यों कांग्रेस-झामुमो अपने राजनीतिक लाभ के लिए घुसपैठियों को सहायता देने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि भाजपा हमेशा राज्य के मूल निवासियों और आदिवासी समाज के पक्ष में खड़ी रही है। भाटिया ने कहा कि कांग्रेस व झामुमो ने झारखंड के लोगों की सुरक्षा, संस्कृति और रोजगार के अवसरों के मामले में चुप्पी साध रखी है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में 287,000 सरकारी नौकरियों का वादा किया है, जो राज्य के युवाओं के लिए एक बड़ी राहत होगी। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के आदर्शों और भगवान बिरसा मुंडा के संघर्षों की याद दिलाते हुए कहा कि भाजपा राज्य की संस्कृति को बचाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है, जबकि कांग्रेस-झामुमो अपनी तुष्टीकरण नीति के तहत काम कर रहे हैं। घुसपैठियों को अपना वोट बैंक समझकर झामुमो व कांग्रेस तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है, जिसका करारा जबाव उनको झारखंड की जनता देने जा रही है। हिमाचल प्रदेश के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस जो वादे करती है उनको कभी पूरा नहीं करती। कांग्रेस ने हिमाचल में सत्ता हथियाने के लिए वादा किया कि एक लाख सरकारी नौकरियां पहली कैबिनेट में दी जायेगी, लेकिन युवाओं को एक भी सरकारी नौकरी नहीं दी, उल्टा हिमाचल प्रदेश सर्विस कमीशन को ही बंद कर दिया। कांग्रेस की कथनी और करनी में अंतर है।

तेलंगाना के पूर्व मंत्री एटला राजेंद्र ने कहा कि एक साल पहले कांग्रेस ने जो वादे किये थे, उनको पूरा नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि हिमाचल की तरह ही तेलंगाना में भी जो गांरटी दी गयी थी, उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं किया गया है।

# भगवान बिरसा का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है : राज्यपाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर कोकर स्थित उनके समाधि स्थल पर जाकर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल श्री गंगवार ने इस अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को नमन करते हुए कहा कि उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनका साहस, संघर्ष और मातृभूमि के प्रति समर्पण हमें अपने कर्तव्यों के प्रति दृढ़ संकल्पित होने की प्रेरणा देता है।

राज्यपाल संतोष गंगवार ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर बिरसा चौक जाकर वहां स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके पहले राज्यपाल ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर राजभवन में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# प्रकाश उत्सव पर गुरुनानक देव की निकाली गयी झांकी और शोभायात्रा

**बच्चों की देशभक्ति से ओतप्रोत झांकी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण की केंद्र रही**

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**रांची।** मेरे हर प्रीतम की कोई बात सुनावै। गुरुनानक देव जी के प्रकाश उत्सव के मौके पर गुरुवार को रातू रोड के श्रीकृष्णनगर कॉलोनी से भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में शामिल सिख समाज के लोग श्री गुरुनानक देव की वाणी का गायन करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा के आगे पंच प्यारे और निशानची चल रहे थे। इस दौरान स्कूली बच्चों की देशभक्ति से ओतप्रोत झांकी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण की केंद्र रही। स्कूली बच्चों के साथ बैंड वादन टीम और एनसीसी कैडेट भी जुलूस की शोभा बढ़ा रहे थे। रंग-बिरंगे और सुगंधित फूलों की सवारी पर विराजमान पवित्र श्रीगुरु ग्रंथ साहिब के साथ निकली शोभायात्रा का विभिन्न इलाकों में आतिशबाजी व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा के नेतृत्व में निकला नगर कीर्तन रातू रोड, न्यू मार्केट, अपर बाजार, शहीद चौक, मेन रोड होते हुए श्री गुरुनानक स्कूल पहुंचा। जहां रात में शोभायात्रा का समापन हुआ। इससे पूर्व रातू रोड के श्रीकृष्णनगर कॉलोनी गुरुद्वारा मैदान में गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा की ओर से प्रकाशोत्सव मनाया गया। विशेष दीवान की शुरुआत स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल के शबद गायन हल्ले यारा हल्ले यारा खुशखबरी....से हुई। हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह एवं साथियों ने कल तारण गुर नानक आया.शबद गायन किया। मुख्य ग्रंथी ज्ञानी जिवेंदर सिंह ने कथा वाचन किया।

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने लंगर में सेवा की



रांची (आजाद सिपाही)। सिख धर्म के संस्थापक और प्रथम गुरु गुरु नानक देव जी के 555 वें प्रकाश पर्व पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शुक्रवार को गुरु नानक स्कूल जाकर लगाये गये दरबार पर माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री सेठ ने प्रकाश पर्व की सभी को बधाई दी और उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी की जयंती पर आज हमें उनके बताये मार्ग पर चलने की जरूरत है। इस अवसर पर उन्होंने लंगर में अपनी सेवाएं दी और प्रसाद ग्रहण किया।

## सीएम हेमंत ने प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा में नवाया सिर



रांची (आजाद सिपाही)। गुरुनानक देवजी के 555वें प्रकाश पर्व के अवसर पर सीएम हेमंत सोरेन ने गुरुद्वारा जाकर सिर नवाया और समाज के लोगों को शुभ कामनाएं दीं। इस बाबत सीएम हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी किया है। इसमें उन्होंने लिखा है, सामाजिक कुरीतियों को दूर कर, समरसता और मानवता का संदेश देने वाले गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के शुभ अवसर पर सभी को अनेक-अनेक बधाई एवं शुभकामनाएं। साथ ही, कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर भी मैं सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

## महत्वपूर्ण खबरें

### केंद्रीय सरना समिति ने भगवान बिरसा को नमन किया



रांची (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर केंद्रीय सरना समिति के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा समाधि स्थल पहुंचकर भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मौके पर केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों एवं सेठ साहूकार के अत्याचार एवं शोषण के खिलाफ लड़ाई लड़ी। जल जंगल, जमीन की रक्षा के लिए उन्होंने अपनी प्राणों की आहूति दी। केंद्रीय सरना समिति के महासचिव संजय तिर्की ने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा ने धर्म परिवर्तन का विरोध किया एवं नशा पान छोड़ने पर जोर दिया। इस मौके पर संजय तिर्की, विनय उरांव, नीरा टोप्पो, सुखवरो उरांव, उषा खलखो, ज्योत्सना भगत, पंचम तिर्की, प्रमोद एक्का, विनय उरांव, भुनेश्वर लोहरा, सहाय तिर्की, नगिया टोप्पो, रीता लकड़ा, रोजलीन मुंडा, जसमणी मुंडा, गीत तिर्की, सुनीता मुंडा, आराध्या, सुनीता रोशनी एवं अन्य शामिल थे।

### बबलू मुंडा ने भगवान बिरसा मुंडा को किया नमन



रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय सरना समिति द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा की अगुवाई में कोकर स्थित समाधि स्थल पर जाकर भगवान बिरसा मुंडा को याद किया। इस मौके पर मुख्य रूप से जगलाल पहान, शोभा कच्छप, अशोक उरांव, विस्वास उरांव, जगन्नाथ तिर्की, किरण तिर्की, मुकेश मुंडा, आशीष मुंडा, डहरू उरांव आदि मौजूद थे।

### जनजातीय गौरव दिवस पर पौधे लगाये



रांची (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को पर्यावरण मित्र घाटशिला और रांची झारखंड ने भगवान बिरसा मुंडा जयंती, झारखंड स्थापना दिवस सह जनजातीय गौरव दिवस पर कोकर रांची में पौधारोपण किया। इस अवसर पर धरती आबा को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पर्यावरण मित्रों ने कोकर रांची और कदमडीह, घाटशिला में आम, अमरूद, टगर और उड़हुल के 11 पौधे लगाकर झारखंड की समृद्धि की कामना की और भगवान बिरसा मुंडा को नमन किया। पौधरोपण अभियान में राजेश कुमार पासवान, विशाल कुमार पासवान, नंद किशोर राम, इंदल पासवान, अन्नू कुमारी, पल्लवी भारती, राजकमल, सगुण कुमारी, आसी कुमारी, विभु कुमार, कमला देवी, मोनी देवी, रीता देवी, मंजू देवी, रिआंस कुमार आदि लोगों ने सक्रिय भूमिका निभायी।

### रांची विवि में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया



रांची (आजाद सिपाही)। रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय और आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के अखड़ा में कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा के अध्यक्षता में भगवान बिरसा मुंडी की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ गंगानाथ झा ने झारखंड के शहीदों बिरसा मुंडा, गया मुंडा, तेलंगा खड़िया, वीर बुधु भगत, सिदो कान्हू सहित अन्य शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। नागपुरी विभाग के बुद्धेश्वर बड़ाइक एवं साथियों द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया। डॉ मेरी एस सोरेंग ने वीर शहीद तेलंगा खड़िया एवं डॉ उमेश नंद तिवारी ने धरती आबा बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डाला। रांची यूनिवर्सिटी के डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू ने स्वागत भाषण दिया। जनजातीय गौरव दिवस पर प्रकाश डालते हुए रांची विवि कुल सचिव विनोद नारायण ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मौके पर डॉ अर्चना दूवे, डॉ बी के सिन्हा, डॉ स्मृति सिंह, डॉ बीपी सिन्हा, डॉ दिनेश उरांव उपस्थित थे। मंच का संचालन डॉ किशोर सुरीन ने किया।

### लिटिल विंग्स स्कूल में संजय सेठ ने बच्चों को सम्मानित किया




रांची (आजाद सिपाही)। बूटी मोड़ स्थित लिटिल विंग्स स्कूल में उत्साहपूर्वक बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। उन्होंने विद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किया। शिक्षिकाओं ने बच्चों के लिए रंगारंग कार्यकम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका पूर्णिमा लकड़ा ने किया। विद्यालय के निदेशक रमेंद्र कुमार और प्रधानाचार्या नीता सिंह ने भी बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं।

### झारखंड की लाखों मंईयां की जीत: लाल किशोर



रांची (आजाद सिपाही)। 'मंईयां सम्मान' याचिका को अदालत ने खारिज कर दिया। यह याचिका हाल ही में धार्मिक और सांस्कृतिक आधार पर समर्थन जुटाने के प्रयास में दायर की गयी थी। अदालत ने इस याचिका को निराधार और राजनीति से प्रेरित करार देते हुए इसे खारिज कर दिया। अदालत के इस फैसले का स्वागत करते हुए कांग्रेस ने इसे लोकतंत्र की जीत बताया। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा, मैं न्यायालय का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने एक बार फिर यह साबित किया कि कानून के सामने कोई भी पार्टी या व्यक्ति विशेष नहीं है। इंडिया गठबंधन के इस फैसले को सराहते हुए कहा कि अदालत का यह कदम देश में संविधान और धर्मनिरपेक्षता की रक्षा करता है। उन्होंने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह पार्टी धार्मिक मुद्दों को उठाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास करती है, लेकिन जनता अब इनके मंसूबों को समझ चुकी है। श्री शाहदेव ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना झारखंड के महिलाएं को आर्थिक और सामाजिक रूप से ताकत दे रही है।

### एसबीयू के प्रो गोपाल पाठक हुए सम्मानित



रांची (आजाद सिपाही) ।अमेरिकी के न्यूयॉर्क शहर में झारखंड दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सरला बिरला विश्वविद्यालय के डायरेक्टर जनरल प्रो गोपाल पाठक को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कॉन्सुलेट जनरल ऑफ इंडिया, न्यूयॉर्क और बिहार एंड झारखंड एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (बजाना) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में बिहार और झारखंड के प्रवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा, प्रभारी कुलपति एसबी डांडीन एवं कुलसचिव प्रो वीके सिंह ने प्रो पाठक को सम्मानित किये जाने पर हर्ष व्यक्त किया एवं उन्हें अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित कर, नमन किया। धरती आबा के सपनों का झारखंड बने, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम काम कर रहे हैं। उनके सपनों को साकार करना हमारा लक्ष्य है। इस अवसर पर हिनू मंडल अध्यक्ष पप्पू जायसवाल, हटिया मंडल अध्यक्ष मनोज साहू, रांची महानगर, युवा मोर्चा अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह, अरुण पांडेय, मनोज झा, कृष्णा महतो, संतोष मिश्रा, सोनू पटवा, रंजन चौहान मौजूद रहे।

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD
हजारीबाग मुख्य शाखा
हजारीबाग
परशिष्टि - IV [नियम 8(1)]
कब्ज़ा सूचना
(अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि,
**इंडियन बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों का प्रभुतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत एवं उक्त अधिनियम की धारा-13(12) संपठित नियम 8 एवं 9 के प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऋणी **श्री इरशाद बिन रहमान, पिता स्व. हाजी इकबाल रहमान** को मांग पत्र तिथि के 60 दिन के भीतर, हमारे **हजारीबाग मुख्य शाखा**, में बकाया राशि **रू. 6,28,038.00 (रूपये छह लाख अट्ठाईस हजार अड़तीस मात्र)** चुकता करने हेतु मांग सूचना दिनांकीत **31.08.2024** को जारी किया था।
ऋणियो द्वारा रकम का भुगतान करने में असफल हो जाने पर ऋणियों एवं जन साधारण को एतद्द्वारा नोटिस दिया जाता है की उपरोक्त कथित अधिनियम की धारा-13(4) संपठित उक्त नियम 8 एवं 9 के अधीन निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित अचल सम्पत्तियों को **11 नवम्बर, 2024** को अपने कब्जे में ले लिया है।
ऋणियो को विशेष तौर पर एवं जन साधारण को सामान्यतः इसके द्वारा सावधान किया जाता है की नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति/यों के सम्बन्ध में कोई भी लेन-देन ना करें। इन सम्पत्तियों के संबंध में किया गया कोई भी लेन-देन **इंडियन बैंक** के प्रभार के अधीन होगा जो की **रू. 6,28,038.00** तथा उस पर ब्याज है।

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

सम्पत्ति के सभी भाग जो प्लॉट संख्या 2531, खाता संख्या 41, मौजा-पेलावल, पीएस - कटकमसांडी (संख्या 130), क्षेत्रफल - 3¼ डिसमिल, हजारीबाग - 825301, डीड संख्या 14292 दिनांक 18.09.2006, पंजीकरण उप-जिला हजारीबाग एवं जिला-हजारीबाग के अंतर्गत आता है। मालिक- श्री इरशाद बिन रहमान, पिता स्व. हाजी इकबाल रहमान। **चौहद्दी :** उत्तर में - स्वयं एवं मो. अब्दुल एवं अन्य, दक्षिण में - नेजाम खान, पूर्व में - दुली मियां, पश्चिम में - बाबू मियां

प्राधिकृत अधिकारी
इंडियन बैंक
दिनांक : 11.11.2024 । स्थान : हजारीबाग
विवाद/ त्रुटि की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।

# मूलवासी सदान मोर्चा ने आंदोलनकारियों को याद किया

## झारखंड स्थापना दिवस पर आंदोलनकारी सह मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने जनता को बधाई दी



**झारखंड स्थापना दिवस पर आंदोलनकारी निर्मल महतो, डॉ वीपी केसरी, डॉ भुनेश्वर अनुज, रणविजय नाथ शाहदेव, डॉ आरती साहू किये गये याद**









**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी सह मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने राज्य की जनता को बधाई दी। प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान और आदिवासी के बलिदान का परिणाम है कि झारखंड राज्य बन सका। प्रसाद ने कहा लेकिन अफसोस की बात है राज्य बनते ही सदान को दरकिनार कर दिया गया। उन्होंने कहा कि बहुसंख्यक समुदाय सदान को किनारे कर झारखंड और झारखंडियों की उन्नति और विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है। मोर्चा अध्यक्ष ने उन तमाम आंदोलनकारी को याद किया जो इस आंदोलन में शहीद हुए, उन झारखंडियों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर स्व निर्मल महतो, डॉ वीपी केसरी, डॉ भुनेश्वर अनुज, रणविजय नाथ शाहदेव, डॉ आरपी साहू, को याद कर नमन किया। झारखंड आंदोलनकारी निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की 150 जयंती पर उनकी प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया। प्रतिमा में माल्यार्पण करने वालों में डॉ ए मिश्रा, डॉ सुदेश कुमार, विशाल कुमार सिंह, महेंद्र ठाकुर, विवेकानंद राय, मुकेश सिंह, आशुतोष, पवन कुमार, दिनेश सिंह, राजेश प्रजापति, पंकज यादव, अशोक महतो, सुरेश राय आदि ने किया।

## महत्वपूर्ण खबरें

### मेरी हेलो किड्स स्कूल में बाल दिवस मनाया गया



रांची (आजाद सिपाही)। कांके ब्लॉक स्थित मेरी हेलो किड्स स्कूल में शुक्रवार को बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया, जिसमें प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा 4 तक के बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। स्कूल के निदेशक एवं प्रिंसिपल ने संयुक्त रूप से नेहरू जी के तस्वीर पर माला अर्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। साथ ही प्रिंसिपल ने बाल दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम के अंत में निदेशक ने सभी बच्चों उपहार देते हुए बाल दिवस की शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### विजय शंकर नायक ने भगवान बिरसा को श्रद्धांजलि दी



रांची (आजाद सिपाही)। भगवान बिरसा मुंडा के सपनों को पूरा करने के लिए आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच संघर्ष किया है और आने वाले दिनों में और संघर्ष को तेज करेगा। उपरोक्त बातें शुक्रवार को आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहीं। उन्होंने बिरसा जयंती के अवसर पर बिरसा मुंडा चौक में बिरसा मुंडा को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर कुंदन कुमार, सुनील कुमार, कर्मा लिंडा, भूषण कच्छप, दीपक पासवान, अशोक राम, छोटू कुमार, शफीक अंसारी, अशोक नायक, दीपक राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### नेहा सिंह और सपना जयसवाल को किया सम्मानित



रांची (आजाद सिपाही)। भुवनेश्वर में पिंक प्रिंट राष्ट्रीय महिला वस्तुविद् का कार्यक्रम रखा गया। इसमें लगभग 750 वस्तुविद् ने भाग लिया। झारखंड के रांची से वस्तुविद् नेहा सिंह और वस्तुविद् सपना जयसवाल को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए अरिका अवार्ड से सम्मानित गया। इसमें आइआइए झारखंड चेप्टर से चेयरमैन अतुल सर्राफ, संदीप झा, अमित बारला, अपूर्व मिंज, सीवीडी हंसदा, अनुशा सिन्हा, हर्ष राज, दिव्या सिंह, रितेश कुमार शामिल हुए।

### रांची जिला से 7 पुरुष बॉक्सर और 2 महिला बॉक्सरों का चयन हुआ



रांची (आजाद सिपाही)। रांची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष गुलाम जावेद की निगरानी में 17 वां राज्यस्तरीय सिनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता 19 से 22 नवंबर को जमशेदपुर में आयोजित है। इसके लिए एक दिवसीय चयन शिविर स्थानीय खेलगांव बॉक्सिंग हॉल होटवार रांची में रखा गया जिसमें 7 पुरुष बॉक्सर एवं 2 महिला बॉक्सरों का चयन किया गया।आर जे के रूप में द्रोणाचार्य अवॉर्डी बीबी मोहंती, बिमल आनंद नाग, सचिन कुमार उपस्थित थे। पुरुषों में-46 से 48 कि ग्र में अनुज बिलॉन्ग 51 से 54 किग्रा में अविनाश कुमार 54 से 57 किग्रा में अमित कुमार 57 से 60 किग्रा में मुथू राज एम 60 से 63.5 में निखिल मुंडा 67 से 71 किग्रा में सोनू रजक 71 से 75 किग्रा में सचिन कुमार पांडे रहे। महिलाओं में 45 से 48 किग्रा में काजल कुमारी 52 से 54 किग्रा में रजनी कुमारी चयनित हुईं। पुरुषों के कोच सचिन कुमार, मैनेजर शिवम चौबे, महिला कोच अभिषेक कुमार बनाये गये। चयन शिविर में मुख्य रूप से अध्यक्ष विनय सिन्हा दीपू सचिव अजय मुकुल टोप्पो, कोषाध्यक्ष गुलाम जावेद, कोच कमल किशोर कच्छप, सिंटू कुमार, राज ठाकुर, प्रमोद कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### देव दीपावली पर गंगा आरती की



रांची (आजाद सिपाही)। देव दीपावली के मौके पर शुक्रवार को गंगा आरती पीयूष पाठक ने बड़ा तालाब में गंगा आरती की। जलाशयों और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। चिन्मय मिशन आश्रम के स्वामी परिपूर्णानंद जी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने इसमें बढ़-चढ़ कर भागीदारी निभाई। आचार्य सोमेश पाठक, रंजन पांडेय, आयुष और राजन पांडेय ने अलग अंदाज में ढोल, झांझ, घंट के साथ पीयूष का संगत किया।

# पहले चरण की 43 सीटों पर जनता ने बीजेपी को नकार दिया है: सुप्रियो

**एक साजिश के तहत राहुल गांधी, हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन के हेलीकॉप्टर को रोक दिया गया**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**देवघर।** जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने शुक्रवार को देवघर में प्रेस वार्ता की। इसमें उन्होंने कहा कि शुक्रवार का दिन बहुत ही अहम है। कहा शुक्रवार को बिरसा जयंती, झारखंड स्थापना दिवस, प्रकाश पर्व और कार्तिक पूर्णिमा भी है। लेकिन इस शुभ दिन में झारखंड में कुछ अशुभ लोग भी मंडरा रहे हैं।

कहा कि आज भी समाज को बांटने का काम किया जा रहा है। उनको बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले फेज में 43 सीटों पर जनता ने बीजेपी को नकार दिया है। इस बात का अनुमान इनको भी हो गया है। लेकिन ये लोग फिर भी माहौल को प्रदूषित कर रहे हैं। कहा कि इनके पास अब कोई मुद्दा नहीं है। सुप्रियो ने कहा कि बीजेपी ने आज से पहले 2014 से 2024 तक घुसपैठ शब्द का नाम नहीं लिया था। अब चुनाव के ठीक पहले ये लोग कथित घुसपैठ को मुद्दा बनाने का प्रयास कर रहे हैं। कहा कि बीजेपी के एक सांसद ने संसद के अंदर इस सवाल को उठाया और उन्होंने कहा कि बिहार, बंगाल और संथाल को काटकर एक अलग केंद्र शासित प्रदेश बना दिया जाये। कहा, तब से बीजेपी में गुब्बार आ गया। कहा अब राज्य का स्टेटस भी छीनने की तैयारी हो रही है। सुप्रियो ने कहा कि असम के सीएम ने डेढ़ साल पहले जो आग मिजोरम में लगायी थी, आज तक आदिवासी वहां उस आग में झोंके जा रहे हैं। इनके राज्य असम में आदिवासी युवतियों को नंगा कर सड़क पर घुमाया गया और यहां आकर ये आदिवासी हित की बात कर रहे हैं। कहा कि एक और बीजेपी के पूर्व सीएम हैं, उनके राज में आदिवासी पर पेशाब कराया गया और यहां ये आदिवासी सम्मान की बात कर रहे हैं। कहा, हद तो तब पार हो गयी जब मंईयां सम्मान योजना को लेकर ये लोग हाइकोर्ट चले गये। कहा कि कोर्ट ने भाजपा की इस साजिश को भी नाकाम किया। कोर्ट ने कहा कि ये ईमानदार प्रयास है। हम कहते हैं कि हम 2500 देंगे दिसंबर से, तो इन्होंने इस पर भी आपत्ति की।

# सुशासन के लिए एनडीए को वोट करें : राजा पीटर



**रांची (आजाद सिपाही)।** बरहेट में शुक्रवार को बीजेपी प्रत्याशी गमलियन हेंब्रम के पक्ष में राजा पीटर ने चुनाव प्रचार किया। इस दौरान भाजपा और जदयू के कार्यकर्ताओं ने राजा पीटर का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर बरहेट विधानसभा में विशाल राज्यस्तरीय फुटबॉल खेल समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री राजा पीटर शामिल हुए। इस मौके पर युवाओं को संबोधित करते हुए राजा पीटर ने कहा कि राज्य में सुशासन लाने के लिए भाजपा गठबंधन को वोट करें। श्री पीटर ने कहा, पिछले 10 वर्षों से राज्य में भ्रष्टाचार, लूट, विस्थापन, पलायन सहित घुसपैठ पर रोक लगाने पर विफल रही है। श्री पीटर ने राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए एनडीए गठबंधन को वोट करने की अपील की। इस अवसर पर असीम तिर्की, बंटी गुप्ता, मिलन चटर्जी, बलबीर सिंह 'बिल्ले', सोमनाथ चटर्जी, तापस प्रामाणिक, राजा महतो, सहित अन्य उपस्थित थे।

# चुनाव के समय राज्य सरकार ने शिक्षण संस्थानों में आतंक का राज स्थापित किया : प्रतुल शाहदेव

**झामुमो के प्रवक्ता ने 15 दिन पहले इन विश्वविद्यालयों की चर्चा की थी और आज पुलिस की रेड पड़ गयी**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने शुक्रवार रांची के मारू टावर स्थित प्रदेश मीडिया सेंटर में प्रेस वार्ता को संबोधित करके राज्य सरकार पर राज्य के प्रतिष्ठित निजी शिक्षण संस्थाओं को टारगेट करने का आरोप लगाया। प्रतुल ने कहा कि जिस तरीके से शिक्षण संस्थानों में छापेमारी हो रही है उससे यह स्पष्ट है कि राज्य सरकार अपनी हार से बदहवास होकर किसी भी हद तक नीचे गिर जा रही है। प्रतुल का यह राज्य सरकार के द्वारा शिक्षण संस्थानों में आतंक का राज्य स्थापित करने की कोशिश है। हेमंत सरकार को तब मुंह की खानी पड़ी जब सरला बिरला स्कूल और विश्वविद्यालय से चुनाव से संबंधित ना नकद बरामद हुआ ना कोई दस्तावेज। जिस तरीके से प्रतिष्ठित सरला बिरला स्कूल और विश्वविद्यालय और उषा मार्टिन विश्वविद्यालय में राज्य पुलिस ने सरकार के इशारे पर छापेमारी की यह अति निंदनीय है। प्रतुल ने कहा कि सरला बिरला समूह 1913 से ही राज्य में अपनी सेवा दे रहा है। शुरूआत अस्पताल से हुई थी। अब यह एक राज्य का अति प्रतिष्ठित स्कूल और निजी विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित हो गया है। राज्य पुलिस के द्वारा इन संस्थाओं को टारगेट करना सब दिख रहा है कि राज्य सरकार शिक्षण व्यवस्था को पंगु बनाना चाहती है। प्रतुल ने कहा कि आज से 15 दिन पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता ने प्रेस वार्ता में नामकुम और टाटीसिल्वे में स्थित इन विश्व विद्यालयों पर राजनीतिक टिप्पणी की थी और आज पुलिस का रेड पड़ गयी। साफ दिख रहा है कि पुलिस झारखंड मुक्ति मोर्चा के इशारे पर चल रही है। कुछ अधिकारी इस सरकार में टूल किट बनकर काम कर रहे हैं।

# सरला बिरला यूनिवर्सिटी रेड मामले में चुनाव आयोग पहुंची भाजपा

**भाजपा ने पूर्व में भी चुनाव आयोग को ज्ञापन देकर आशंका जतायी थी कि शैक्षणिक संस्थाओं में रेड हो सकती है**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में चुनाव आयोग पहुंचा और मांग किया कि सरला बिरला यूनिवर्सिटी एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में जो रेड हो रही हैं, उस पर विस्तृत जांच करायी जाये। इस मामले में सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि 3 नवंबर को भाजपा ने मुख्य चुनाव पदाधिकारी के रवि कुमार से मिलकर आशंका का जतायी थी कि चुनाव के दौरान सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन मिलकर स्कूलों में रेड कर सकते हैं या भाजपा नेताओं का हत्या भी करवा सकते हैं। चुनाव घोषणा के बाद से कई शैक्षणिक संस्थाओं में सरकार के इशारे पर जिला प्रशासन रेड कर चुका है। श्रीवास्तव ने बताया कि जिस तरह स्कूल परिसर को टारगेट किया जा रहा है वो भी चुनाव आयोग का भय दिखाकर स्कूल प्रशासन को टारगेट कर छापामारी की जा रही है उससे न सिर्फ स्कूल का नाम खराब हो रहा है बल्कि बच्चों एवं गार्जियन भी सकते में हैं। रांची जिला प्रशासन पूरी तरीके से सरकार के आदेश पर सरकार में शामिल पार्टियों के कार्यकर्ता की तरह काम कर रहा है। प्रतिनिधिमंडल में रोहित शारदा भी शामिल थे।

# भारतीय रेल : कवच और सिग्नलिंग प्रणाली का क्रमबद्ध विकास

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हाजीपुर।** काकोडकर समिति ने इटीसीएस एल-2 के समतुल्य डिजिटल रेडियो आधारित सिग्नलिंग और सुरक्षा प्रणाली की सिफारिश की थी तथा इसे पूरे भारतीय रेलवे पर स्थापित किया गया। टीसीएएस अब कवच की परिकल्पना एक स्वदेशी, मल्टी वेंडर, अंतर-संचालन योग्य, विफलता से सुरक्षित प्रणाली के रूप में की गयी थी। इसे 2014-15 दक्षिण मध्य रेलवे पर 250 रूट किमी लंबे रेलखंड पर इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में स्थापित किया गया तथा 2015-16 यात्री ट्रेनों पर पहला फील्ड परीक्षण किया गया।

2017-18 कवच स्पेसिफिकेशन संस्करण 3.2 को अंतिम रूप दिया गया तथा 2018-19 में आइएसए द्वारा एसआइएल-4 प्रमाणन के आधार पर आरडीएसओ द्वारा तीन वेंडरों को मंजूरी दी गयी।

जुलाई 2020 कवच को राष्ट्रीय एटीपी प्रणाली के रूप में घोषित किया गया तथा मार्च 2022 तक कवच को विस्तारित खंड के रूप में एक दूसरे 1200 किमी लंबे रेलखंड पर स्थापित किया गया। मार्च 2022 में विभिन्न उपयोग



मामलों और विभिन्न हितधारकों से प्राप्त प्रतिक्रिया के आधार पर कवच के संस्करण 4.0 के विकास का निर्णय लिया गया। 16 सितंबर को कवच संस्करण 4.0 विनिर्देशन को आरडीएसओ द्वारा मंजूरी दी गयी। स्वदेशी कवच प्रणाली को 10 वर्षों की छोटी अवधि में विकसित किया गया है तथा इसे सितंबर 2024 में कोटा और सवाई माधोपुर के बीच 108 किमी लंबे रेलखंड पर कवच 4.0 को स्थापित कर चालू किया गया। इसके साथ कवच 4.0 का 84 किमी लंबे अहमदाबाद-वडोदरा पर ट्रायल शुरू किया जा चुका है।

## भारतीय रेलवे पर प्रसार-लोको कवच और ट्रैक साइड वर्क्स

सीएलडब्ल्यू, चितरंजन द्वारा 10 हजार लोको के लिए निविदा आमंत्रित की गयी और निविदा 4 अक्टूबर को खोली गयी। वित्तीय बोली का मूल्यांकन किया जा रहा है तथा नवंबर 2024 तक इसे फाइनल करने का लक्ष्य रखा गया। इसके साथ ही 3375 किमी लंबे दिल्ली-चेन्नई और मुंबई-चेन्नई रेलखंड तथा 5715 किमी लंबे स्वचालित ब्लॉक सेक्शन सहित कुल 9090 किमी रेलखंड हेतु ट्रैक साइड कवच वर्क्स के लिए निविदा आमंत्रित की गयी है। साथ ही 5645 रूटकिमी दूसरे सेक्सन हेतु भी निविदा आमंत्रित की गयी है। इस प्रकार कुल मिलाकर 14,735 रूट किमी लंबे रेलखंड हेतु निविदा आमंत्रित की जा चुकी है।

# कांग्रेस ने बिरसा मुंडा की जयंती मनायी

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के तत्वाधान में स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में शुक्रवार को मनायी गयी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस नेताओं कार्यकताओं ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस के सीनियर कोऑर्डिनेटर बीके हरिप्रसाद ने कहा कि बिरसा मुंडा एक महान वीर और झारखंड उलगुलान के महानायक थे। इसमें मुख्य रूप से अर्जुन लोहार, नीतीश कुमार, सत्येंद्र साहू उपस्थित थे।

# भरोसा जीतना होगा

पिछले करीब डेढ़ साल से हिंसा की कभी तेज तो कभी धीमी होती आंच में जलते मणिपुर को राहत मिलने के कोई आसार नहीं दिख रहे। जिरीबाम में पिछले एक सप्ताह के दौरान हुई हिंसा की घटनाओं ने एक बार फिर राज्य में तनाव काफी बढ़ा दिया है। इसे देखते हुए केंद्र सरकार ने हालांकि तत्काल केंद्रीय सशस्त्र बलों (सीआरपीएफ) की 20 अतिरिक्त कंपनियां हवाई मार्ग से भेज दीं, लेकिन राज्य में भारी संख्या में सुरक्षा बल पहले से तैनात हैं। वहां सीआरपीएफ की 115 कंपनियां और बीएसएफ की 84 कंपनियां तो हैं ही, इसके अलावा आरएएफ, एसएसबी और आइटीबीपी की भी कंपनिया तैनात हैं। राज्य पुलिस और सेना के जवान इसके अतिरिक्त हैं। जाहिर है, इतने बड़े पैमाने पर सुरक्षा बलों की तैनाती के बावजूद अगर हालात काबू में नहीं आ रहे तो मामला सिर्फ सुरक्षा बलों की संख्या का नहीं, कुछ और भी है। अगर पिछले एक सप्ताह के घटनाक्रम पर गौर करें तो भी यह साफ हो जाता है कि प्रशासनिक कार्रवाइयों का वैसा असर नहीं दिख रहा जैसा कि होना चाहिए। हिंसा का ताजा दौर प्रदेश के जिरीबाम जिले में गुरुवार को एक 31 वर्षीया महिला की हत्या के बाद शुरू हुआ। आरोप है कि मैतेई समुदाय के उग्रवादी संगठन से जुड़े लोग इसके पीछे थे। दो दिन बाद कथित तौर पर कुकी उग्रवादियों ने बिष्णुपुर जिले में किसानों के एक समूह पर हमला किया था, जिसमें 34 साल की एक महिला मारी गई। सोमवार को जिरीबाम में ही एक सीआरपीएफ पोस्ट पर हमले के बाद जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने दस उग्रवादियों को मार गिराया। इसके बाद भी जिरीबाम के एक गांव से दो नागरिकों के शव बरामद हुए। यही नहीं, एक मैतेई परिवार के छह सदस्य लापता बताये जा रहे हैं, जिनके अगवा किये जाने का शक है। खास बात यह कि अलग-अलग समुदायों के लोग सुरक्षा बलों के अलग-अलग हिस्सों पर पक्षपात का खुला आरोप लगाते हैं। हालांकि इस तरह के सामुदायिक तनाव की स्थितियों में सुरक्षा बलों पर पक्षपात के आरोप कोई नयी बात नहीं है, लेकिन इस तरह का अविश्वास अमूमन तात्कालिक ही होता है। मणिपुर में पिछले साल मई से शुरू हुआ हिंसात्मक घटनाओं का सिलसिला न तो कभी पूरी तरह बंद हुआ और न ही माहौल सामान्य हो सका। सबसे बड़ी बात यह है कि स्थानीय आबादी का विश्वास हासिल करने का कोई विशेष प्रयास भी होता हुआ नहीं दिखा। हिंसा के इतने लंबे दौर की जिम्मेदारी तय करने की कोई कोशिश नहीं नजर आयी। ऐसे में सुरक्षा बलों की तैनाती और विभिन्न पक्षों में बातचीत के दावे फलित होते नहीं दिख रहे। मणिपुर एक सीमावर्ती और खासा संवेदनशील राज्य है। इसलिए हालात को जल्द सामान्य करना जरूरी है।

**मणिपुर में पिछले साल मई से शुरू हुआ हिंसात्मक घटनाओं का सिलसिला न तो कभी पूरी तरह बंद हुआ और न ही माहौल सामान्य हो सका। सबसे बड़ी बात यह है कि स्थानीय आबादी का विश्वास हासिल करने का कोई विशेष प्रयास भी होता हुआ नहीं दिखा।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारतीय रेल प्रशासन को करोड़ों की संख्या में आये यात्रियों को अपने गंतव्यों तक पहुंचने का कई दशकों का अनुभव है, पर अब सारी कोशिश इस अनुभव को क्रमशः सुखद बनाने की है। अगर विदेशी मेहमानों से कभी इस विषय पर चर्चा हो, तो वे दांतों तले उंगलियां दबा लेते हैं। यातायात प्रबंधन की जानकारी रखने वाले कई साथी, यह सुन कर कि त्योहारों के दौरान रेलवे ने एक लाख सत्तर हजार ट्रेनों के फेरों के अलावा 7,700 विशेष ट्रेनों का संचालन किया, हैरत में पड़ जाते हैं।**

# बदलते भारत की बदलती तस्वीर



**जया वर्मा सिन्हा**

विविधताओं से भरा अपना देश निराला है। अपने यहां, चीजों को अलग नजरिए से देखने की प्रशस्त परंपरा रही है। हमारे लिए गंगा और गोदावरी सिर्फ. नदियों के नाम नहीं, जीवन दायिनी मां के पर्यायी हैं। संगीत, कानों को सुख देने का सिर्फ. साधन नहीं, सुरों की साधना का जरिया है। कुछ वैसे ही, हम देशवासियों के लिए, भारतीय रेल, महज एक अदद इंजन और डेढ़ दर्जन डिब्बों से लैस गाड़ी नहीं, घर परिवार से दूर जीविकार्जन कर रहे हमारे श्रमिकों, किसानों, जवानों और करोड़ों नागरिकों का अपने परिवारों और प्रियजनों से भावनात्मक रिश्तों को जोड़ता एक पुल है। पूरब से पश्चिम, और उत्तर से दक्षिण बिछी पटरियों पर सिर्फ. हमारी ट्रेनें नहीं दौड़तीं - उनसे होकर रिश्तों के एहसास गुजरते हैं। विराट भारत देश की विविधताओं को अपने अंतर में समेटे, भारतीय रेल, भारत सरकार की प्रतिनिधि भी है, और देशवासियों की आकांक्षाओं का प्रतीक भी।

इन आकांक्षाओं की अग्नि परीक्षा हर साल त्योहारों के मौसम में होती है, जब परिवार से दूर जीवन यापन कर रहे करोड़ों देशवासी अपने घरों को लौटते हैं। महानगरों की गुमनामी भरी ज़िन्दगी में, साल भर की जी तोड़ मेहनत के बाद, अपनों से मिलने के अरमान लिए ये मेहनतकश एक विशाल समूह में निकल पड़ते हैं रेल के सफर पर। संख्या इतनी ज्यादा, कि अगर आपने उस परिवेश में कभी काम ना किया हो, तो देखते ही हाथ-पांव फूल जायें। और, अगर बात त्योहार और विशेष दिनों में उमड़ते जन-सैलाब की हो, तो सिर्फ. रेल संचालन से बात नहीं बनती। आपको रेलवे स्टेशन पर आये लोगों के सुचारू रूप से ठहरने, टिकट खरीदने, जलपान आदि की भी पर्याप्त व्यस्तता करनी होती है। इसके लिए रेल अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा स्वयं सेवी संगठनों का भी सहयोग मिलता है। भारतीय रेल प्रशासन को करोड़ों की संख्या में आये यात्रियों को अपने गंतव्यों तक पहुंचने का कई दशकों का अनुभव है, पर अब सारी कोशिश इस अनुभव को क्रमशः सुखद बनाने की है।

**त्योहारों के दौरान रेलवे ने एक लाख सत्तर हजार ट्रेनों के फेरों के अलावा 7,700 विशेष ट्रेनों का संचालन किया।**

अगर विदेशी मेहमानों से कभी इस विषय पर चर्चा हो, तो वे दांतों तले उंगलियां दबा लेते हैं। यातायात प्रबंधन की जानकारी रखने वाले कई साथी, यह सुन कर कि त्योहारों के दौरान रेलवे ने एक लाख सत्तर हजार ट्रेनों के फेरों के अलावा 7,700 विशेष ट्रेनों का संचालन किया, हैरत में पड़ जाते हैं। अब आप, सूरत के पास स्थित औद्योगिक शहर ऊधना को ही ले लीजिये - यहां के रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन औसतन सात-आठ हजार यात्रियों का आवागमन होता है - चार नवंबर को इस छोटे से स्टेशन पर चालीस हजार से ज्यादा की भीड़ उमड़ आयी। अगर, रेलवे प्रशासन ने एक टीम की तरह काम करते हुए उचित व्यवस्थाएं ना की होती, तो यात्रियों की परेशानी का अंदाज लगाना भी मुश्किल होता। त्योहार के दौरान, देश भर में सबसे अधिक आवागमन नई दिल्ली स्टेशन से हुआ। इस अवधि में सिर्फ. इस स्टेशन से, यात्रियों की माँग पर एक दिन मे 64 स्पेशल और 19 अनारक्षित ट्रेनों का संचालन किया गया।

विदेशी मेहमानों से भरी एक सभा में जब त्योहारों में रेल यात्रा की चर्चा हुई, तो एक राजनयिक यह सुनकर दंग रह गये कि इस साल अकेले छठ महापर्व के पहले, 4 नवंबर को, लगभग 3 करोड़ लोग ट्रेन से अपने गंतव्यों तक गये, और त्योहार के दिनों में तो रेलवे ने लगभग 25 करोड़ यात्रियों को यात्रा करने में मदद की। संबंधित राजनयिक ने, हल्की मुस्कान के साथ कहा कि पाकिस्तान की कुल आबादी से ज्यादा लोगों ने तो महज कुछ दिनों में ही आपकी ट्रेनों में यात्रा की।

भारतीय रेल को यह एहसास है कि देश के पूर्वी हिस्सों से बड़ी संख्या में उद्योग केंद्रों में श्रम कर रहे हमारे इन भाई-बहनों का देश के निर्माण में अहम किरदार है। जम्मू की अटल टनल से लेकर मुंबई की सी-लिंक तक, और बेंगलुरु की आई-टी प्रतिष्ठानों से लेकर दिल्ली के निमार्णाधीन भवनों तक को, पूरब की मिट्टी में रचे बसे लोगों ने अपने हाथों से गढ़ा है। देश की सीमाओं पर तैनात फौज या सीमा सुरक्षा बल के जवान हों, पंजाब के खेतों में फसल उगा रहे मजदूर, सरकारी ऑफिसों तथा निजी संस्थानों में सेवारत कर्मचारी, बड़े-बुजुर्ग, या देश की प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थानों में पढ़ रहे विद्यार्थी, ये सब अपने अपने तरीकों से आज और आनेवाले कल के भारत को गढ़ रहे हैं। भारतीय रेल भी आधुनिक तकनीक और सुविधाओं से लैस वन्दे भारत, अमृत भारत, नमो भारत जैसी ट्रेनों के लगातार विस्तार और देशभर में हजार से ज्यादा रेलवे स्टेशनों को अमृत स्टेशन में बदलकर एक नयी और विश्वस्तरीय यात्रा पर चल पड़ी है। बदलते भारत की बदलती तस्वीर भारतीय रेल के स्वरूप मे अब उभरने लगी है।

**(लेखक : भारतीय रेल की पहली महिला चेयरमैन एवं सीइओ हैं।)**



भारतीय रेल भी आधुनिक तकनीक और सुविधाओं से लैस वन्दे भारत, अमृत भारत, नमो भारत जैसी ट्रेनों के लगातार विस्तार और देशभर में हजार से ज्यादा रेलवे स्टेशनों को अमृत स्टेशन में बदलकर एक नयी और विश्वस्तरीय यात्रा पर चल पड़ी है। बदलते भारत की बदलती तस्वीर भारतीय रेल के स्वरूप मे अब उभरने लगी है।

## देश-विदेश की खबरें

# वक्फ अधिनियम में संशोधन करेंगे: अमित शाह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मुंबई।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्धव ठाकरे और शरद पवार जैसे नेताओं के विरोध के बावजूद वक्फ अधिनियम में संशोधन करेंगे। महाराष्ट्र के यवतमाल जिले के उमरखेड़ में एक रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी वक्फ बोर्ड कानून बदलना चाहते हैं, लेकिन उद्धव ठाकरे, शरद पवार और सुप्रिया सुले इसका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा, उद्धव जी, ध्यान से सुनिये, आप सभी जितना चाहें विरोध कर सकते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी वक्फ अधिनियम में संशोधन करेंगे। अमित शाह ने कहा कि 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में दो खेमे हैं, एक पांडव, जिसका प्रतिनिधित्व भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति कर रही है और दूसरा कौरव, जिसका प्रतिनिधित्व महा विकास अघाड़ी कर रही है। उद्धव ठाकरे का दावा है कि उनकी शिवसेना असली है। क्या असली शिवसेना औरंगाबाद का नाम बदल कर संभाजीनगर करने के खिलाफ जा सकती है? क्या असली शिवसेना अहमदनगर का नाम बदलकर अहिल्यानगर करने के खिलाफ जा सकती है? असली शिवसेना भाजपा के साथ खड़ी है। उन्होंने आगे कहा, राहुल बाबा कहते थे कि उनकी सरकार लोगों के खातों में तुरंत पैसे जमा करेगी। आप हिमाचल, कर्नाटक और तेलंगाना में अपने वादे पूरे नहीं कर पाये। महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन ने वादा किया है कि लड़की बहन योजना के तहत महिलाओं को 2100 रुपये प्रति माह मिलेंगे। इस दौरान उन्होंने कहा, कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और दुनिया की कोई भी ताकत इसे हमसे नहीं छीन सकती। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को वीर सावरकर और शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे के बारे में अच्छे शब्द बोलने की चुनौती दी। अमित शाह ने हिंगोली में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, उद्धव जी, अगर आपमें हिम्मत है, तो राहुल बाबा से वीर सावरकर और बालासाहेब के बारे में दो अच्छे शब्द बोलवायें। अमित शाह ने कहा, राहुल बाबा की कांग्रेस पार्टी ने कश्मीर में अनुच्छेद 370 को वापस लाने के लिए प्रस्ताव पारित किया है। राहुल बाबा, ध्यान से सुनिये, आप ही नहीं, आपकी चौथी पीढ़ी भी अनुच्छेद 370 को वापस नहीं ला सकती।

## चुनाव आयोग ने की अमित शाह के हेलिकॉप्टर की जांच

**मुंबई (आजाद सिपाही)।** चुनाव आयोग की ओर से हेलिकॉप्टर और बैग की जांच करने पर उद्धव ठाकरे भड़क गये थे। उन्होंने इसे विपक्ष को तंग करने की साजिश बताया था। इसके बाद भाजपा ने वीडियो जारी करके बताया था कि कैसे देवेंद्र फडणवीस के भी बैग की जांच हुई थी, जब वह एक आयोजन में पहुंचे थे। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हेलिकॉप्टर की भी शुक्रवार को जांच की गयी। इसका वीडियो भी खुद अमित शाह ने एक्स पर शेयर किया है। वह जब हिंगोली में चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे, तो वहां मौजूद चुनाव आयोग के अधिकारियों ने उनके हेलिकॉप्टर की जांच की। अमित शाह ने इसका वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, आज महाराष्ट्र की हिंगोली विधानसभा में चुनाव प्रचार के दौरान चुनाव आयोग के अधिकारियों के द्वारा मेरे हेलिकॉप्टर की जांच की गयी। भाजपा निष्पक्ष चुनाव और स्वस्थ चुनाव प्रणाली में विश्वास रखती है और माननीय चुनाव आयोग द्वारा बनाये गये सभी नियमों का पालन करती है। एक स्वस्थ चुनाव प्रणाली में हम सभी को अपना योगदान देना चाहिए और भारत को विश्व का सबसे मजबूत लोकतंत्र बनाये रखने में अपने कर्त्तव्यों का पालन करना चाहिए। वीडियो में देखा जा सकता है कि निर्वाचन अधिकारी उनके हेलिकॉप्टर की जांच कर रहे हैं।

# अब कभी गलती नहीं करेंगे, इधर-उधर नहीं जायेंगे: नीतीश

**जमुई (आजाद सिपाही)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर स्पष्ट किया कि वह एनडीए को छोड़कर कहीं नहीं जायेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर इशारा करते हुए सीएम ने कहा कि हम हमेशा के लिए इनके साथ रहेंगे। बीच में गलती हुई थी। हमारे कुछ लोगों ने गलती कर दी। तो इधर-उधर चले गये थे। मगर भाजपा के साथ वे 1995 से हैं। अटल बिहारी वाजपेयी के जमाने से वे साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने पीएम मोदी को भरोसा दिलाया कि वह अब कहीं नहीं जायेंगे और एकजुट रहेंगे। नीतीश कुमार ने पीएम को बार बार धन्यवाद दिया।

## भाजपा से बात करने को तैयार उद्धव

**छत्रपति संभाजी नगर (आजाद सिपाही)।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर जिले के सिलोड विधानसभा क्षेत्र में एक रैली को संबोधित करते हुए चौंकाने वाला बयान दिया। उन्होंने कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी के नेताओं से चर्चा के लिए तैयार हैं, अगर वे भी बातचीत करना चाहते हैं। यह बयान 2019 में शिवसेना और भाजपा का गठबंधन टूटने के बाद पहली बार आया है। उद्धव ठाकरे ने भाजपा कार्यकर्ताओं की तारीफ करते हुए उनसे शिवसेना (यूबीटी) के साथ आने की अपील की। उन्होंने कहा, हमारे बीच मतभेद हैं, लेकिन अगर आपकी ओर से कोई मुझसे बात करना चाहता है, तो मैं भी तैयार हूं। हमें एकजुट होकर सिलोड की छवि सुधारनी चाहिए। यह मौका है अब्दुल सत्तार को हराने का।

## संविधान का ककहरा भी नहीं समझते राहुल: नड्डा

**मुंबई (आजाद सिपाही)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी संविधान का ककहरा तक नहीं समझते और इसकी कॉपी दिखाते रहते हैं, जबकि उन्हें यह नहीं पता कि डॉ. भीम राव आंबेडकर धार्मिक आधार पर आरक्षण का समर्थन नहीं करते थे। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस कर्नाटक और तेलंगाना में अल्पसंख्यकों को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए निर्धारित आरक्षण देना चाहती है। जेपी नड्डा ने कहा, राहुल गांधी नहीं जानते कि संविधान धार्मिक आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता। उन्हें संविधान का ककहरा तक नहीं पता। वह अपनी मोहब्बत की दुकान में नफरत की सामग्री बेचते हैं। जेपी नड्डा ने कहा, हमें तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति को रोकना होगा। तेलंगाना और कर्नाटक में एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण खत्म करके कांग्रेस अल्पसंख्यकों को आरक्षण देना चाहती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कभी किसी के साथ भेदभाव नहीं किया।

## चंडीगढ़ की एक इंच जमीन भी हरियाणा को नहीं देंगे: चीमा

**चंडीगढ़ (आजाद सिपाही)।** पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी (आप) के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें चंडीगढ़ में हरियाणा विधानसभा परिसर स्थापित करने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया गया है। प्रतिनिधिमंडल में मंत्री हरजोत बैंस, आप नेता दीपक बाली और परमिंदर सिंह गोल्डी शामिल थे। राजभवन के बाहर एक प्रेस वार्ता में मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि यह मामला पंजाब के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि चंडीगढ़ पंजाब की राजधानी है और पूरी तरह से राज्य का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि पंजाब की आप सरकार हरियाणा विधानसभा के निर्माण के लिए चंडीगढ़ में जमीन आवंटित करने के किसी भी फैसले का दृढ़तापूर्वक विरोध करती है। चीमा ने कहा कि चंडीगढ़ कायदे से सिर्फ पंजाब की राजधानी है। किसी अन्य राज्य को यहां अपनी विधानसभा बनाने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने दो टूक कहा कि चंडीगढ़ की एक इंच भी जमीन हरियाणा को नहीं दी जानी चाहिए।

# पीएम मोदी को डोमिनिका का सर्वोच्च सम्मान

**यूएन अर्थ से लेकर सियोल पीस तक कुल 15 पुरस्कारों से हो चुके हैं सम्मानित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता दुनिया भर में लगातार बढ़ रही है। हाल ही में डोमिनिका ने घोषणा की है कि वह कोविड-19 महामारी से लड़ने में मदद करने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करेगा। डोमिनिका की सरकार के मुताबिक दोनों देशो के बीच मजबूत साझेदारी को और मजबूत करने के लिए पीएम मोदी को डोमिनिका अवॉर्ड ऑफ ऑनर दिया जायेगा। यह पहली बार नहीं है, जब पीएम मोदी को किसी देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया गया है। पीएम मोदी को रूस से लेकर अमेरिका तक कई देशों के प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा गया है। हाल ही में रूस दौरे पर गये पीएम मोदी को रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द अपोस्टल' से सम्मानित किया था। इसके अलावा भी पीएम मोदी को कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। पीएम मोदी को अब तक मिले वैश्विक पुरस्कारों की सूची बहुत लंबी है।

## प्रधानमंत्री को अब तक मिले वैश्विक पुरस्कार/सम्मान

| पुरस्कार-सम्मान | देश/संस्था | वर्ष |
|---|---|---|
| 1. ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्र्यू द एपोस्टल | रूस | 2024 |
| 2. ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर | फ्रांस | 2023 |
| 3. ऑर्डर ऑफ नाइल | मिस्र | 2023 |
| 4. ग्रैंड कंपैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगोहू | पापुआ न्यू गिनी | 2023 |
| 4. कंपैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी | फिजी | 2023 |
| 5. एबाकल अवार्ड | पलाउ | 2023 |
| 6. ऑर्डर ऑफ द डुक ग्यालपो | भूटान | 2021 |
| 7. ग्लोबल एनर्जी एंड एनवायरमेंट लीडरशिप अवार्ड | कैंब्रिज एनर्जी रिसर्च एसोसिएट्स | 2021 |
| 8. लीजन ऑफ मेरिट | अमेरिका | 2020 |
| 9. ग्लोबल गोलकीपर अवार्ड | बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन | 2019 |
| 10. किंग हमाद ऑर्डर ऑफ द रिनेसांस | बहरीन | 2019 |
| 11. ऑर्डर ऑफ द डिस्टिंग्विश्ड रूल ऑफ निशान इज्जुद्दीन | मालदीव | 2019 |
| 12. ऑर्डर ऑफ जायद | संयुक्त अरब अमीरात | 2019 |
| 13. ग्रैंड कॉलर ऑफ द स्टेट ऑफ फिलिस्तीन | फिलिस्तीन | 2018 |
| 12. यूनाइटेड नेशंस चैंपियंस ऑफ द अर्थ अवार्ड | संयुक्त राष्ट्र द्वारा | 2018 |
| 13. सियोल शांति पुरस्कार | दक्षिण कोरिया | 2018 |
| 14. स्टेट ऑर्डर ऑफ गाजी अमीर अमानुल्लाह खान | अफगानिस्तान | 2016 |
| 15. किंग अब्दुल अजीज सश | सऊदी अरब | 2016 |

# भाजपा से गठबंधन करने वालों से कोई संबंध नहीं: पवार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मुंबई।** विपक्ष के वरिष्ठ नेता शरद पवार ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर समाज को बांटने का आरोप लगाया। उन्होंने प्रधानमंत्री के चुनावी भाषणों की आलोचना की। उनसे जब पूछा गया कि क्या चुनाव के बाद उनके और उनके भतीजे अजित पवार के बीच सुलह हो सकती है, तो उन्होंने जोर देते हुए कहा कि वह भाजपा के साथ गठबंधन करने वालों के साथ कोई संबंध नहीं रखेंगे। उन्होंने कहा, सत्तारूढ़ महायुति लोकसभा चुनावों में अपने खराब प्रदर्शन के बाद चुनावों को प्रभावित करने के लिए भारी मात्रा में पैसे का इस्तेमाल कर रही है। लेकिन लोग उन्हें खारिज कर देंगे। महाराष्ट्र के चार बार के मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री पवार ने 'बटेंगे तो कटेंगे' नारे को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी आलोचना की। इस नारे की कुछ भाजपा नेताओं और उप मुख्यमंत्री अजित पवार जैसे सहयोगियों ने भी निंदा की है।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 16 नवंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनायी गयी

## बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पहुंच पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया





आजाद सिपाही संवाददाता

**अड़की।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा शुक्रवार को पहुंचे और भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। माल्यार्पण करने के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने भगवान बिरसा मुंडा के वंशज सुखराम मुंडा को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनका हाल-चाल जाना। इस अवसर पर अड़की प्रखंड के भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## भगवान बिरसा मुंडा का जन्मदिवस मनाया गया

मुरी (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जन्म दिवस मनाया गया, और उनके नक्शे कदम पर चलने की प्रेरणा लिया गया। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सिल्ली विधानसभा प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो ने बंता चौक में धरती आबा का जन्मोत्सव मनाया, और आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उनके विचारधारा का प्रेरणा लिया गया। मौके पर संगठन के पदाधिकारी संजीव महतो, रविंद्र कुमार, विमल महतो आदि उपस्थित रहे।

## भगवान बिरसा मुंडा की गौरव गाथा युगों-युगों तक प्रेरणा देती रहेगी : सिंगराय टुटी



बुंडू (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को भगवान बिरसा मुंडा जयंती बुंडू प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। वहीं निवर्तमान विधायक विकास कुमार मुंडा ने धुर्वा मोड़ और बिरसा मोड़ मांझी टोली स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया। बिरसा मुंडा के रास्ते पर चलने का संकल्प लिया और निर्दलीय प्रत्याशी सिंगराय टुटी अपने समर्थकों के साथ धुर्वा मोड़ बुंडू भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा और उलिहातु स्थित समाधि स्थल पहुंच धरती आबा के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर सिंगराय टुटी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की गौरव गाथा युगों-युगों तक प्रेरणा देती रहेगी। इस मौके पर उमेश महतो, प्रदीप मुंडा, बसु सेठ, शिवजन मुंडा, हुमटा पंचायत की मुखिया द्रौपदी देवी, महिला नेत्री सुधा मुंडु और अन्य लोग मौजूद रहे।

## चौक-चौराहों पर जीत हार की चर्चा जोरों पर

बुंडू (आजाद सिपाही)। तमाड़ विधानसभा का चुनाव 13 नवंबर को संपन्न हो गयी, जिसके बाद से अब हर चौक-चौराहों पर जीत हार की चर्चा जोरों पर हो रहा है। तमाड़ विधानसभा में 18 उम्मीदवार खड़े है। सभी प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत को लेकर पूरी ताकत के साथ विधानसभा में उपस्थिति दर्ज करायी। तमाड़ विधानसभा में जीत को लेकर कोई भी प्रत्याशी आश्वस्त नहीं है, लेकिन कार्यकर्ता अपनी-अपनी पार्टी के नेता को जीताने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इस बार के चुनाव में जीत हार का अंतर बहुत कम रहेगी। 23 नवंबर को ही पता चलेगा की जीत का सेहरा किसके सर सजेगी।

## भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ छेड़ी थी जंग : भूषण चंद्र

ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। ईचागढ़ और कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को धूमधाम से भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनायी गयी। ईचागढ़ प्रखंड कार्यालय परिसर, बिरसा डुंगरी कुटाम, कुकड़ु प्रखंड कार्यालय, डाटम सहित कई जगहों में भगवान बिरसा मुंडा का आदमकद मुर्ती पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कुटाम स्थित बिरसा डुंगरी में समाज सेवियों ने धरती आबा के मुर्ती पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। गौरांगकोचा में भगवान बिरसा मुंडा के मुर्ती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद समाजसेवी भूषण चंद्र मुर्मू ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा सुदखोरों और अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लोगों को एकजुट कर गुलामी के खिलाफ जंग छेड़ा था। उन्होंने पारंपरिक हथियार तीर-धनुष और कुल्हाड़ी से ही अंग्रेजी हुकूमत को लोहा मनाने का काम किया। उन्होंने कहा कि झारखंड का भी स्थापना आज (15 दिसंबर) ही के दिन हुआ था। उन्होंने कहा कि झारखंड को भगवान बिरसा मुंडा के सपनों का राज्य बनाने के लिए हमें भी बिरसा मुंडा से प्रेरणा लेने की जरूरत है। मौके पर रंजीत टुडु, लाल मांझी, सुभाष दत्ता, सुभाष महतो, दयाल सिंह मुंडा आदि उपस्थित थे।

## डोड़ेया मोड़ में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनायी गयी

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ स्थित डोड़ेया मोड़ में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती सह 25वीं झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह में भगवान बिरसा मुंडा के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए समारोह का शुरूआत हुई। ललीत महतो अपने संबोधन में बिरसा भगवान के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके दिखाये रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी और कहा कि हर जुल्म और अत्याचार के खिलाफ आंदोलन जारी रहेगा। प्रति वर्ष की भांति भगवान बिरसा मुंडा के जयंती पर दो दिवसीय समारोह आयोजित किया जाता है। मौके पर ललीत महतो, राजेश रुंडा, श्यामल नायक, बिशु गोंझू, अवधेश मुर्मू, कार्तिक कालिंदी, संदीप मंडल के अलावा सैकड़ों डोडेया गांव के ग्रामवासी उपस्थित थे।

## बिरसा मुंडा की जयंती मनायी गयी



बुंडू (आजाद सिपाही)। बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बुंडू के बच्चों और संस्कृत बिहार परिवार के संयोजक प्रमोद कुमार सिंह समाजसेवी अरूण जैन, रोशन महतो और आचार्य के साथ बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया।

## सोनाहातू में मनायी गयी बिरसा मुंडा की जयंती

सोनाहातू। प्रखंड में शुक्रवार को ग्राम प्रधान संघ और आदिवासी विकास संघर्ष समिति सोनाहातु के संयुक्त तत्वावधान में धरती आबा बिरसा मुंडा जयंती पर उनके आदमकद प्रतिमा में माल्यार्पण कर जंयती मनाया गया। मौके पर मुंडा श्रीकृष्ण कुमार सिंह, गोपाल सिंह मानकी, विक्टोरिया देवी, भोलेश्वर सिंह मुंडा, मनोहर सिंह मुंडा, फनिभूषन सिंह मुंडा, लेलिन पाहन, ब्रजकिशोर सिंह मानकी, ब्रह्म नारायण सिंह मुंडा, जगतपाल बड़ाइक आदि उपस्थित थे।

## झामुमो ने निकाली विशाल पदयात्रा , शामिल हुए पूर्व विधायक कुणाल षाणंगी



मुरी (आजाद सिपाही)। झामुमो के पूर्व विधायक अमित कुमार महतो का विशाल पदयात्रा सिल्ली प्रखंड के बुडागूंजू से निकाला गया। यात्रा बारह बजे से शुरू हुई, सात किलोमीटर का यह पदयात्रा तूंकू, आडाल नवाडीह, कारेयाडीह से होकर पतराहातू तक पहुंचा। इस पदयात्रा में सिल्ली के पूर्व विधायक अमित कुमार महतो, बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल षाणंगी, महागठबंधन से कांग्रेस पार्टी के राकेश किरण महतो भी मौजूद थे। पदयात्रा में काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

## रैयत विस्थापित मोर्चा ने बिरसा मुंडा की जयंती मनायी



खलारी (आजाद सिपाही)। रैयत विस्थापित मोर्चा के द्वारा डकरा स्थित कार्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता सहित अन्य सदस्यों ने बारी बारी से बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित किया। बिगन सिंह भोगता ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जो जल जंगल जमीन और देश की आजादी के लिए झारखंड में उलगुलान किया था। आज फिर से एक और उलगुलान की जरूरत है ताकि रैयत विस्थापित को उनका हक अधिकार मिल सके। इस मौके पर रंथू उरांव, जालिम सिंह, जगरनाथ महतो, नरेश गंझु, रामलखन गंझू, अमृत भोगता, प्रभाकर गंझु, शिवनारायण लोहरा, विनय उरांव, रामधारी गंझू सहित कई लोग मौजूद थे।

## हर जुल्म और अत्याचार के खिलाफ आंदोलन जारी रहेगा: ललित महतो



तमाड़ (आजाद सिपाही)। ललित कुमार महतो ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन आजसू बृहत झारखंड के नेतृत्व में तमाड़ स्थित डोड़ेया मोड़ में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती समारोह में भगवान बिरसा मुंडा के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए समारोह का शुरूआत हुई। श्री महतो अपने संबोधन में बिरसा भगवान के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए, उनके दिखाये रास्ते पर चलने का प्रेरणा दी और कहा कि हर जुल्म और अत्याचार के खिलाप आंदोलन जारी रहेगा। यही भगवान बिरसा मुंडा के प्रति हमारी सद्भावना है। प्रति वर्ष की भांति भगवान बिरसा मुंडा के जयंती पर दो दिवसीय समारोह आयोजित किया जाता है, जिसमें फुटवाल खेल के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है। आज के इस उद्घाटन कार्यक्रम की शुरूआत करने मे श्री महतो के साथ राजेश रुंडा, श्यामल नायक, बिशु गोंझू, अवधेश मुर्मू, कार्तिक कालिंदी, संदीप मंडल के अलावा सैकड़ों डोडेया गांव के ग्रामवासी गण उपस्थित थे।

## छठ पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी

मुरी (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर श्रद्धालूजनों ने आस्था की डुबकी लगायी। लोग जलाशयों और स्वर्णरेखा नदी पहुंचकर स्नान दान आदि किया। लोग इसे छठ पूर्णिमा के रूप में भी मानते हैं, क्योंकि अधिकांश लोग इस दिन नदी स्नान कर पूजा पाठ करते हैं। शाम को श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों, दुकानों, तुलसी पौधा के नजदीक और मंदिर आदि स्थलों पर दीपक जलायें। श्रद्धालु कार्तिक मास को पवित्र महिना भी मानते हैं पूरे माह लोग विभिन्न पूजा स्थलो पर दीप दान करते हैं और पुण्य के भागी बनते हैं। इधर सिल्ली, मुरी में हरे कृष्णा नाम हठ संघ के द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन पूरे कार्तिक माह किया गया है।

## धमधमिया में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनायी गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** बिरसा विस्थापित प्रभावित मंच, उत्तरी कर्णपुरा खलारी के तत्वाधान में बिरसा चौक धमधमिया खलारी में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती समारोहपूर्वक मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बहुरा मुंडा ने बिरसा चौक धमधमिया में स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना किया। मुख्य अतिथि पत्रकार मुक्तिनाथ गिरि ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, वहीं अन्य अतिथियों ने पुष्प अर्पित का उन्हें नमन किया। महेन्द्र उरांव ने स्वागत भाषण दिया। मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों ने भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी बताते हुए उनके तीन सिद्धांत प्रेम, शांति और सहयोग के रास्ते पर चलने की अपील की। कोयला खदानों के लिए हो रहे विस्थापन से जनजातीय समुदाय के जीवन पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव पर चर्चा किया गया। मुक्तिनाथ गिरि ने कहा कि जमीन के बदले मुआवजा मिल रहा है, नौकरी मिल रही है परंतु आदिवासी अपने जीवन शैली से कटते जा रहे हैं। उनके जीवन शैली, संस्कृति को सहेजने की आवश्यकता है।

## तमाड़ विस में निर्दलीय प्रत्याशी ने पानी की तरह बहाये रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** तमाड़ विधानसभा क्षेत्र का चुनाव 13 नवंबर को संपन्न हो गया, जिसके बाद से हर चौक चौराहों पर जीत हार का गणित बनाया जा रहा है। यह गणित 23 नवंबर को परिणाम आने तक चलता रहेगा। इस चुनाव में तमाड़ विधानसभा के निर्दलीय उम्मीदवार अभियंता प्रमुख सिंगराय टुटी की भूमिका अहम रही। पूर्व अभियंता प्रमुख इडी के रडार पर हैं और इडी के पूछताछ में उन्होंने 18 करोड़ रुपया बतौर कमीशन लेने की बात स्वीकार की है। नवंबर 2023 में सेवानिवृत्त होने के बाद इन्होंने एनडीए पार्टी का दरवाजा खटखटाया और आजसू पार्टी में शामिल हो गये। जब तमाड़ सीट एनडीए गठबंधन के तहत जदयू के खाते में चली गयी और तमाड़ क्षेत्र के पूर्व विधायक सह मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर को बनाया गया, तब इन्होंने पाला बदलकर तमाड़ सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ा। आजसू पार्टी के एक धड़ा को भी अपने साथ मिला लिया और खुलकर धन बल का प्रयोग किया। विभिन्न पार्टियों के कार्यकर्ताओं को धन के बल पर अपने पाले में करने की भरपूर कोशिश की, जिसके बाद विभिन्न पार्टियों के अच्छे-अच्छे कार्यकर्ता अचानक करवट बदलकर सिंगराय टूटी की और हो गये। इस चुनाव में करोड़ों रुपया खर्च किये, जिसपर ना चुनाव आयोग की नजर पड़ी और ना ही पुलिस प्रशासन की नजर पड़ी। यह निर्दलीय प्रत्याशी जीत का दावा ठोक रहे हैं।

## दीपाटोली में हार्डकोर फिटनेस जिम का उद्घाटन



रांची (आजाद सिपाही)। पुंदाग दीपाटोली स्थित अर्पण काम्प्लेक्स में शुक्रवार को हार्डकोर फिटनेस जिम का उद्घाटन उद्घाटन डीआईजी नौशाद आलम ने किया। उन्होंने कहा कि ये जिम शरीर को फिट रखने में अहम भूमिका निभाता है। इससे पहले जिम के मालिक सुहैल अंसारी ने मुख्य अतिथि का बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान अजहर अंसारी, तैयब अंसारी, शाहबाज अहमद समेत कई अन्य मौजूद थे।

## सीसीएल सीएमडी ने धार्मिक स्थलों पर टेका माथा



पिपरवार (आजाद सिपाही)। पिपरवार दौरे पर आये सीसीएल सीएमडी एनके सिंह ने पिपरवार क्षेत्र के बचरा मे कई धार्मिक स्थल जाकर माथा टेका और क्षेत्र की सुख, शांति और खुशहाली की कामना की। जानकारी के अनुसार अनेकता मे एकता का प्रतीक माने जाने वाले बचरा काली मन्दिर, बचरा गुरूद्वारा और बचरा मस्जिद जाकर उन्होंने विधिवत रूप से पूजा अर्चना की और क्षेत्र एंव राज्य की सुख शांति एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की। सीएमडी श्री सिंह बचरा गुरुद्वारा में गुरुनानक जयंती के अवसर पर आयोजित प्रकाश पर कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इस संबंध में पत्रकारों से बात करते हुए सीएमडी एनके सिंह ने कहा कि पिपरवार क्षेत्र उनके घर जैसा है। इस अवसर पर पिपरवार जीएम संजीव कुमार,अशोका पीओ जेके सिंह, सीएचपी पीओ धनजंय कुमार, एसओपी नागेश कुमार गोपाल, शिशिर गर्ग, श्रमिक प्रतिनिधि रविंद्रनाथ सिंह, एसके चौधरी सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## फाउंडेशन ट्रस्ट ने गरीब बच्चों को किया सम्मानित



पिपरवार (आजाद सिपाही)। हयुमन रिसोर्स डेवलपमेंट एंड रिसर्च फाऊंडेशन ट्रस्ट पिपरवार के सौजन्य से पिपरवार क्षेत्र के बहेरा और कल्याणपुर पंचायत के सरकारी स्कूल के कई गरीब बच्चों को सम्मानित किया गया। ट्रस्ट के द्वारा बच्चों को पेंसिल, कॉपी सहित अन्य पाठय सामाग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष जाहिद अली ने बताया कि ट्रस्ट के द्वारा बाल दिवस के अवसर पर क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले गरीब बच्चों के मनोबल बढ़ाने को लेकर उन्हें सम्मानित किया गया। इससे पूर्व शिक्षक दिवस पर भी सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को ट्रस्ट के द्वारा सम्मानित किया गया था। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग करने से स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे एवं शिक्षकों का भी मनोबल बढ़ता है, और उनका शिक्षा के प्रति लगाओ बढ़ता है। उन्होंने कहा कि इस तरह का सहयोग कार्य ट्रस्ट के द्वारा आगे भी किया जायेगा। इस मौके पर जाहिद अली, मोहम्मद अनवर, बिरेंद्र उरांव, मोहम्मद फहीम, बादशाह आलम सहित ट्रस्ट के कई लोग मौजूद थे।

### पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में प्रकाश पर्व के रूप में मनायी गयी गुरुनानक जयंती

## बचरा गुरुद्वारा में उमड़ी भीड़, लंगर का भी हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में शुक्रवार को गुरुनानक देव जी की जयंती धुमधाम के साथ मनाया गया।सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी का 555वां जयंती प्रकाश पर्व के रूप में मनाया गया। गुरुनानक जयंती के अवसर पर बचरा गुरुद्वारा में भव्य कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में काफी संख्या में सिख समुदाय की महिला व पुरुष ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में बाहर से आए रागी जत्था के द्वारा भजन कीर्तन प्रस्तुत किया गया। साथ ही साथ भव्य लंगर का भी आयोजन किया गया। इस संबंध मे बचरा गुरुद्वारा के ग्रंथी सरदार कुलदीप सिंह ने बताया कि गुरुनानक देव जी का 555वां प्रकाशोत्सव संगत के द्वारा धूमधाम से मनाया गया। गुरुपर्व के अवसर पर गुरुद्वारा साहिब को आकर्षक ढंग से फूल मालाओं व रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया था। प्रकाश पर्व को लेकर कई दिन से चल रहे सहज पाठ की समाप्ति के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान करीब पांच हजार से अधिक लोगो ने लंगर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर ग्रंथी कुलदीप सिंह, बक्सी सिंह, निर्मल सिंह, सुखदेव सिंह, अमन मेहरा, इंदर सिंह, पृथ्वीपाल सिंह, कलवंत सिंह, गुरजीत सिंह, सेवा सिंह, प्रताप सिंह सहित अन्य सैकड़ों लोग मौजूद थे।


**Format C-1**

**Declaration about criminal cases**

(As per the judgment dated 25 th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr)

Name & address of candidate : **BIRANCHI NARAYAN, Address : 33A, Sonatand, P.s- BSCITY, Po.- GPO, Dist.- Bokaro- 827001**

Name of Political Party: **BHARTIYA JANTA PARTY**

*(Independent candidates should write "independent" here*

Name of Election : **ASSEMBLY ELECTION JHARKHAND, 2024**

Name of Constituency : **36- BOKARO**

**I BIRANCHI NARAYAN** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending Criminal Cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of case (s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| NIL | NIL | NIL | NIL | NIL |
| NIL | NIL | NIL | NIL | NIL |
| NIL | NIL | NIL | NIL | NIL |

(B) Details about case of conviction for criminal offences

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of office(s) punishment imposed | Maximum Punishment imposed |
|---|---|---|---|
| NIL | NIL | NIL | NIL |
| NIL | NIL | NIL | NIL |
| NIL | NIL | NIL | NIL |

In the case of election to Council of States or election of Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Sd/-
BIRANCHI NARAYAN
BHARTIYA JANTA PARTY
ASSEMBLY ELECTION 2024 JHARKHAND

# कार्तिक पूर्णिमा पर लोगों ने जलाशयों में लगायी डुबकी



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** प्रखंड में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर क्षेत्र के जलाशयों में ग्रामीणों ने सुबह से ही गंगा स्नान किया और स्थानीय मंदिरों में पूजा पाठ की। इधर स्वर्णरेखा उद्‌गम स्थल रानी चुंआ स्थित पांडेश्वर धाम में सामूहिक सतनारायण कथा, शिव चर्चा एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। नगड़ी मेला टिकरा पांडुनेश्वर धाम मंदिर परिसर में क्षेत्र के दर्जनों लोगों को पंडित सोनू पाठक ने विधि विधान एवं वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ सत्यनारायण कथा का पूजन पाठ कराया। इसके बाद भगवान सत्यनारायण स्वामी का का आरती कराया। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। भक्त भंडारा में क्षेत्र के सैकड़ों लोग पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किये। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वर्णरेखा पांडुनेश्वर धाम कार्तिक पूर्णिमा संचालन समिति के अध्यक्ष अरविंद भगत, कोषाध्यक्ष, दिलीप कुमार महतो, सदस्य राजकुमार केशरी, लाला केशरी, प्रकाश महतो, विजय कुमार, श्याम किशोर महतो, रोहित कुमार, पंकज कुमार, दीपू कुमार, अजय कुमार प्रेम ठाकुर सहित दर्जनों सदस्य सहयोग दे रहे हैं। दूसरी ओर, क्षेत्र के सामाजिक कार्यों में योगदान देने वाले केसरी सीमेंट नगड़ी की ओर से दर्जनों असहाय बुजुर्ग लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर नगड़ी के जिला परिषद सदस्य पूनम देवी, सामाजिक कार्यकर्ता बजंरग महतो, कृष्णा महतो, तपोश महतो, विक्रम सिंह, श्रावण महतो, अशोक ठाकुर, भोला केसरी, विष्णु महतो, बसंत केसरी सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे। इधर, कोयल नदी में ग्रामीणों ने सैकड़ो की संख्या मेगंगा स्नान कर भगवान सत्यनारायण की पूजा पाठ की। इस मौके पर पंडित पंकज पांडेय की ओर से ग्रामीणों को सतनारायण कथा सुनाई गयी।

## लापुंग और लालगंज गाड़ी में मनायी गयी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

# भगवान बिरसा मुंडा के पद चिह्नों पर चलने की जरूरत : पुनई उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** बिरसा चौक और लालगंज गाड़ी में शुक्रवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनायी गयी। इस दौरान उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। पढहा राजा हेमराज मुंडा व सात पाड़हा राजा लहंगू मुंडा ने लापुंग बिरसा चौक में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा में माल्यार्पण किया। इस अवसर पर पुनई उरांव ने भगवान बिरसा मुंडा को नमन कर कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के पद चिन्हों पर चलने कि जरूरत है। झारखंड और देश का कानून व्यवस्था चलाने के लिए संविधान बनाकर यहां के लोगों को हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई में बांट कर सरकार राजनीति कर रही है। 1947 से पूर्व अंग्रेजों की गुलामी से छुटकारा पाने के लिए सभी जाति के लोगों ने मिलकर लड़ाई लड़ी और देश को आजाद कराया। झारखंड सरकार को हमारी पढ़हा व्यवस्था से सरकार चलनी चाहिए, तभी जल जंगल जमीन की रक्षा होगी। इस अवसर पर झारखंडी संस्कृति की झलक दिखी और मांदर की थाप पर लोग झूम उठे। इस मौके बतीया उरांव, गंगी उरांव, संजय उरांव, रांथु उरांव, सुरेश उरांव व शशि उरांव ने भी अपने-अपने विचार रखे। इसमें दोलाईचा, झीकी, माड़ी, गरई, पोकटा, गाटया टोली व करूम आदि के अलावे कई गांव के सैकड़ों लोग शामिल हुए।



भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उपस्थित आदिवासी समाज के लोग।

# नगड़ी में मनी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** भगवान बिरसा मुण्डा जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस समारोह शुक्रवार को नारो बाजार टाड में धूमधाम से मनाया गया। समिति के सदस्यों ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद बिरसा मुंडा फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वाधान में स्थानीय छोटे बच्चों की ओर से एक से बढ़कर एक झारखंडी नृत्य कर अपनी प्रतिभा का प्रस्तुति की। इस मौके पर समिति की ओर से बेहतर प्रदर्शन करने वालों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। रात नौ बजे प्रदेश के प्रसिद्ध आधुनिक नागपुरी कलाकारों द्वारा नागपुरी गीत प्रस्तुत किया गया, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# धूमधाम से मनी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** अनगड़ा प्रखंड के बीसा पंचायत में उत्साह के साथ भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर खिजरी विधानसभा क्षेत्र की निर्दलीय महिला प्रत्याशी सुषमा देवी ने माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद सुषमा ने जनजाति समुदाय के नायक बिरसा मुंडा के गौरवशाली इतिहास और जीवनवृत्त पर विस्तृत रुप से प्रकाश डाला। इस दौरान उपस्थित लोगों ने खासकर युवाओं से भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से प्रेरणा लेकर जनजाति समुदाय के हित में कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने शिक्षा पर बल देते हुए उपस्थित जनसमूह से बालकों को उच्चशिक्षित कर देश के लिए तैयार करने की हिदायत दी। समारोह में भाजपा नेता उमेश बड़ाईक के अलावा पंचायत की सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।



# अवैध विदेशी शराब बनाने की मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** उत्पाद विभाग की टीम ने शुक्रवार को अनगड़ा थाना क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने शुक्रवार को अनगड़ा पुलिस के सहयोग से मासु मंझला टोली गांव में व्यापक छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान यहां संचालित अवैध विदेशी शराब बनाने के एक मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ। इस फैक्टरी में प्लास्टिक की बोतलों में नकली शराब भरकर उसे ब्रांडेड शराब बना कर बाजार में भेजा जाता था। छापामारी के दौरान 840 प्लास्टिक की बोतलों में विदेशी शराब, आरएस ब्रांड की 225 बोतल, 714 लीटर अवैध विदेशी शराब, भारी मात्रा में विभिन्न ब्रांड के नकली रेपर, ढक्कन, खाली बोतल, ईएएल सहित अन्य सामग्री व उपकरण बरामद किया गया। बताया जा रहा कि इस अवैध कारोबार को मकान मालिक रामकुमार शर्मा संचालित कर रहा था। छापामारी दल को आता देख रामकुमार शर्मा मौके से फरार होने में सफल रहा। वहीं, पुलिस ने सामानों कर जब्त कर फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान चल रही है।

# बेड़ो के जामटोली पहाड़ पर कार्तिक पूर्णिमा मेला का आयोजन, उमड़ी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पहाड़ पर कार्तिक पूर्णिमा मेला समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को दो दिवसीय कार्तिक पूर्णिमा मेला का आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान पुजारी राजा पाठक की अगुवाई में यजमान धनंजय महतो, मुकेश गोप व महावीर गोप ने पूरा किया। इस दौरान शिव मंदिर परिसर में केंद्रीय कीर्तन समिति के अध्यक्ष गणेश गिरी के नेतृत्व में पहाड़कंडरिया, बेलांगी, झिंझरी, टटकुंदो, भैंसादोन, गणेशपुर, पचंबा, डुमरी, महिला कीर्तन मंडली लुरंगी व हरिहरपुर जामटोली की कीर्तन मंडली के सदस्यों ने 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन में भाग लिया। जिसे देखने युवाओं की भीड़ सबसे ज्यादा पहुंची थी। वहीं मेले में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जहां लोगों ने अपने जरूरत के अनुरूप खरीदारी की। इस दौरान लोगों ने देर शाम तक मेला का आनंद लिया। वहीं, कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में महिला-पुरुषों ने पारंपरिक रूप से स्नान कर नजदीक के मंदिर में पूजा-अर्चना व दान पुण्य कर सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। शनिवार को भंडारा, हवन और पूणार्हुति के साथ समारोह का समापन होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिव मंदिर निर्माण एवं कार्तिक पूर्णिमा मेला समिति के अध्यक्ष मुकेश गोप, सचिव चरवा उरांव, कोषाध्यक्ष महावीर गोप, उपाध्यक्ष धनंजय महतो, संदीप प्रमाणिक, उपसचिव पिताम्बर गोप, संजय प्रमाणिक, आकाश गोप, संरक्षक जयराम गुरुजी, दुर्गा महतो, सोमरा लोहरा, सोमरा महतो, सुरेन्द्र गोप, विशेश्वर हजाम, दीपक महतो, श्यामल गोप, रोहित गोप, संजय गोप, राजकिशोर लोहरा, शिवनारायण लोहरा, रमेश गोप, रामवृत गोप, शंकर गोप, अभिषेक उरांव, विशाल उरांव आदि सक्रिय थे।

# बालू लदे एक टर्बो और दो ट्रैक्टर जब्त

## तस्वीर खींजने पर पत्रकार का मोबाइल छीना, दी धमकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों में छापामारी कर पुलिस ने अवैध बालू लदे पांच टर्बो व दो ट्रैक्टर को जब्त किया। उक्त वाहनों में सिर्फ दो ट्रैक्टर व एक टर्बो को ही जब्त किया गया। बाकी चार टर्बो को छोड़ दिया गया। मामला गुरुवार की देर रात तीन बजे की बताई जा रही है। जानकार के मुताबिक थाने के मुंसी अरशद खान रात 2.30 बजे सादे लिबास में वाहन में सवार होकर मखमन्द्रों पहुंचे। उन्होंने मखमन्द्रों चेक नाका के पास से बालू लदे दो टर्बो को पकड़ा। जिसमें से एक को जब्त कर थाना ले आयी। वहीं दूसरे ट्रक को वहीं छोड़ दिया। इसके बाद अरशद मखमद्रो पुल के पास पहुंचे। जहां मांडर थाना क्षेत्र के मलटोटी की ओर जा रहे तीन टर्बो को पकड़ा। पर सभी वाहनों को वहीं छोड़ चालको को हिरासत में लेकर रातू थाने ले आयी।



### झखराटांड़ से भी ट्रैक्टर हुआ जब्त

वहीं, शुक्रवार की सुबह अरशद सादे लिबास में झखराटांड़ पहुंचे। वहां उन्होंने बालू लदा एक बिना नंबर के ट्रैक्टर को पकड़ लिया। करीब आधे घंटे तक लेनदेन की बात करने व मैनेज करने के नाम पर ट्रैक्टर को खड़ा रखा। इसी बीच उसी रास्ते से गुजर रहे आजाद सिपाही के पत्रकार ने ट्रैक्टर की फोटो खींच ली। पर फोटो खिंचते देख मुंसी अरशद ने हाथ में लिए डंडा दिखाया और अभद्र भाषा का उपयोग करते हुए पत्रकार से धक्कामुकी कर मोबाइल छिन लिया। इसके बाद धमकी देते हुए फोटो डिलीट करने का प्रयास किया। फोटो खींचने के बाद मुंसी ने ट्रैक्टर को जब्त कर थाने के हवाले कर दिया।

# इटकी में कलिंदर महतो की मनायी गयी 40वीं पुण्यतिथि



आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** प्रखंड क्षेत्र के दरहाटाड स्थित स्वर्गीय कैलिंदर महतो चौक पर स्वर्गीय कलिंदर महतो की 40वीं पुण्यतिथि मनाई गयी। इस दौरान क्षेत्र के तीन विद्याओं में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। बतातें चलें कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वर्गीय कलिंदर महतो की 40वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर स्व कलिन्दर महतो की प्रतिमा पर उनके परिवार के सदस्यों व ग्रामीणों ने माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में दरहाटाड स्थित बाल शिक्षा निकेतन के बच्चों द्वारा झारखंड संस्कृति से जुड़े गीत, नृत्य एवं आदिवासी संस्कृति से जुड़े डोमकच की प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम में शिक्षा, कृषि व समाज सेवा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले तीन लोगों को सम्मानित किया गया। जिसमें समाज सेवा के क्षेत्र में पत्रकार गोविंद यादव, कृषि के क्षेत्र में मोरो पोखरा टोली निवासी कुशल महतो शामिल हैं। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में पीएम श्री मध्य विद्यालय बारीडीह के तीन छात्राओं लक्ष्मी कुमारी, शांति कुमारी व छठी की छात्रा दीपिका कुजूर को भी सम्मानित किया गया। इन बच्चों को इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली स्थित राजपथ पर होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने व देखने के लिए बुलाया गया था वहां भी इन छात्राओं को सम्मानित किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्मृति समिति के अध्यक्ष लाल रामेश्वर नाथ ने किया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में मंगल मारुति परिवार की विक्रम महतो शामिल थे। कार्यक्रम को जोहर पार्टी के अध्यक्ष विजय महतो, राजकुमार महतो, लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के साकेत कुमार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में संजय गोप पंचम महतो, जगमोहन महतो, हीरा महतो, अशोक महतो, दिलीप महतो, रामकुमार महतो, दिनेश महतो आदि उपस्थित थे।

# सोसई में कार्तिक पूर्णिमा मेला आयोजित, पहुंचे हजारों लोग



आजाद सिपाही संवाददाता

**बुडमू।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के सोसई नगड़ू में कार्तिक पूर्णिमा मेला का आयोजन किया गया था, जिसमें आसपास के हजारों लोग शामिल हुए। मेले में झारखंड के जाने-माने नागपुरी कलाकारों को बुलाया गया था जिन्होंने अपने गीतों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं स्थानीय ग्रामीण खोढ़हा लेकर नाचते गाते मेले मे शामिल हुए। मंच का उद्घाटन कांके विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश बैठा, जिला परिषद सदस्य रामजीत गंझु, बुढ़मू प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, उप प्रमुख हरदेव साहू, उमेडंडा पंचायत के मुखिया दशमी देवी, चकमे मुखिया रामबृत मुंडा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वहीं, मंच का संचालन कमेटी के अध्यक्ष सनोज यादव की ओर से किया गया। मेले के सफल आयोजन में उपाध्यक्ष बलराम मूंडा, राजू साहू, सचिव मुकेश यादव, उप सचिव संजय मुंडा, कोषाध्यक्ष सुखदेव पाहन, उप कोषाध्यक्ष जुगेश टोप्पो, संरक्षक दारा सिंह, दिनेश यादव, सुखदेव पाहन, अशोक महतो, शंकर यादव, आदित्य प्रसाद, श्रीकांत मुंडा और रामदेव पाहन की का योगदान अहम रहा।

# विलक्षण प्रतिभा के धनी थे कार्तिक बाबू : शिवशंकर उरांव

## स्व कार्तिक उरांव की 100वीं जयंती पर किया गया पौधारोपण





आजादसिपाही संवाददाता

**रातू।** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद् के संस्थापक अध्यक्ष कार्तिक उरांव अलौकिक व विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। गरीबी के बावजूद उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त कर करोड़ों लोगों के प्रेरणास्रोत बने। स्व उरांव आजीवन समाज सेवा से जुड़े रहे। परिषद् का गठन कर वह देश के आदिवासियों को एक मंच पर लाने की कोशिश की। सामाजिक बदलाव व आर्थिक उन्नति और शैक्षणिक वातावरण बनाने का भी प्रयास किया। स्वर्गीय उरांव का बालिका शिक्षा पर विशेष जोर था। उक्त बातें गुमला के पूर्व विधायक सह आदिवासी विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवशंकर उरांव ने कही। वे शुक्रवार को परिषद् की ओर से आदिवासी बाल विकास विद्यालय परिसर में आयोजित स्व उरांव की 100वीं जयंती समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले उन्होंने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समारोह का उद्‌घाटन किया। इसके बाद कार्तिक उरांव की स्मृति में पौधारोपण भी किया। समारोह में अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया और शॉल भी भेंट की गयी। स्वागत भाषण परिषद के राष्ट्रीय महासचिव डॉ लक्ष्मण उरांव ने दिया। इससे पूर्व परिषद की ओर से संचालित स्कूल व कॉलेज के बच्चों ने बांग्ला, झारखंडी, जिया हरसाय व आदिवासी नृत्य कला की छटा बिखेरी। वहीं, मैट्रिक परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक लाने वाले आयुष व सपना आदि छात्र-छात्राओं को चांदी का कलम दिया गया। संचालन सपना रानी ने किया। मौके पर देवचारण उरांव, अनुज उरांव, लीला देवी, प्रो रंथू उरांव, सरयू सिंह, रोहित मिश्र, सुखदेव टोप्पो, फूलकुमारी देवी, रुक्मिणी एक्का, महादेव उरांव व सुकरा उरांव आदि मौजूद थे।

### हाइस्कूल मैदान में लगा जतरा

21 पड़हा संचालन समिति की ओर से हाई स्कूल मैदान में स्व उरांव की जयंती मनायी गयी और जतरा का भी आयोजन किया गया। पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव ने दीप प्रज्वलित कर इसका उद्घाटन किया। समिति की ओर से दर्जनों खोड़हेधारी, पाहन, कोटवार व पईनभरा सम्मानित किये गये। जतरा झंडा का भी वितरण किया गया। यहां सभी तरह की दुकानें सजी थी।

## बाउट से पहले माइक टायसन ने जैक पॉल को मारा थप्पड़

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिग्गज मुक्केबाज माइक टाइसन ने टेक्सास में होने वाले मुकाबले से पहले अपने प्रतिद्वंद्वी जैक पॉल को थप्पड़ जड़ दिया। यह घटना तब घटित हुई जब पॉल से बाउट से पहले टाइसन को उकसाने की कोशिश की, जिस पर इस 58 वर्षीय मुक्केबाज ने उन्हें थप्पड़ मारा। इसके बाद दोनों मुक्केबाजों की टीम के सदस्यों ने बीच-बचाव किया जिससे मामला ज्यादा नहीं बढ़ सका। इस मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें दावा किया जा रहा है कि माइक टाइसन ने पॉल के खिलाफ मुकाबले से पहले दबदबा बना लिया है। पॉल ने इस मामले के बाद एक्स पर लिखा, मुझे महसूस भी नहीं हुआ। वह गुस्से में था। यह अब निजी मामला बन गया है। यह मेरे लिए एक चुटकी का क्षण है। मुझे माइक टायसन ने थप्पड़ मारा।

### ऑक्सफोर्ड स्कूल में मना झारखंड स्थापना दिवस एवं गुरु नानक जयंती

# भगवान बिरसा मुंडा से संघर्ष व नानक देव के गुणों को आत्मसात करें: डॉ एके सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को झारखंड राज्य के 25 वें स्थापना दिवस एवं गुरु नानक जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में प्राचार्य डॉ एके सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित व छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं, प्रार्थना सभा में कक्षा सातवीं व आठवीं की छात्राओं ने झारखंड के सुप्रसिद्ध नागपुरी गीत 'सुंदर हमर झारखंड, हमर नागपुर' प्रस्तुत किया। जबकि कक्षा 11वीं की छात्रा तेजस्विनी प्रकाश ने गुरु नानक एवं बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित तथ्यों पर प्रकाश


गुरुनानक देव जी की तस्वीर पर माल्यार्पण करते प्राचार्य डॉ एके सिंह।

डाला। कार्यक्रम का संचालन आस्था शर्मा ने किया। वहीं, प्राचार्य ने झारखंड के 25 वें स्थापना दिवस पर कहा कि यह 28वां राज्य था जो बिहार से अलग होकर बना है। झारखंड को अलग राज्य का दर्जा हमारे दिवगंत प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के काल में प्राप्त हुआ। उन्होंनें कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के विरूद्ध स्वतंत्रता संग्राम, झारखंड के मूल निवासी एवं जनजातियों के उत्थान जैसे महत्वपूर्ण कार्यो में अहम भूमिका निभाई। इसी कारण उनके जन्म दिवस को झारखंड के स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। भगवान बिरसा मुंडा ने हमें देश के प्रति प्रेम, त्याग, समर्पण और देशभक्ति की भावना को अपने हृदय में जगाने का संदेश दिया। उधर, सिख धर्म के संस्थपक गुरुनानक देव जी का जन्म 15 अप्रैल 1469 को कार्तिक पूर्णिमा के दिन तलवंडी (पश्चिमी पाकिस्तान) में हुआ था। कार्तिक पूर्णिमा को जन्म व तप-साधना के कारण ही गुरुनानक जी की मान-प्रतिष्ठा चरम सीमा पर है। गुरु जी के कथानुसार ईश्वर का वास केवल मंदिर व मस्जिद में नहीं बल्कि चारों दिशाओं में होता है। सभी धर्मों में समान रुप से पूज्य गुरुजी का गुरु परब पूरे देश में बड़े धूम-धाम से मनाया जाता है। प्राचार्य ने छात्रों से आग्रह किया कि भगवान बिरसा मुंडा से संघर्ष और नानक देव से साधना जैसे गुणों को आत्मसात करें। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## पूरनचंद पिछड़ों के मसीहा थे : अरुणा



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पूरानचंद विचार मंच की ओर से आयोजित जन नायक स्वर्गीय पूरनचंद की 100वीं जयंती पर मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने पांच मुहान पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। कहा कि पूरनचंद पिछड़ों के मसीहा थे। हमें उनके जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिलती है। उनकी सादगी हमारे लिए प्रेरणा है। मैंने अपने निगम के कार्यकाल में उनके द्वारा निर्मित कराई गई कोयल पुल का नाम पूरानचंद सेतु कर गौरवांवित हूं। इस अवसर पर पूरनचंद विचार मंच के अध्यक्ष रंजन कुमार चंद्रवंशी, सचिव सीटू गुप्ता, ज्ञानचंद पांडे, महेश जी, परशुराम ओझा, ओंकार जी, जुगल किशोर प्रसाद आदि मौजूद थे।

## भगवान बिरसा मुंडा के क्रांतिकारी विचार समाज के लिए अनुकरणीय : कृष्णा बैठा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** व्यापार मंडल सह राष्ट्रीय जनकल्याण संगठन के अध्यक्ष कृष्णा बैठा के जपला धरहरा स्थित आवास पर शुक्रवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई। हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा व अन्य लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। साथ ही क्षेत्रवासियों को देव दीपावली, झारखंड स्थापना दिवस एवं कार्तिक पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर समाजसेवी राजेश्वर यादव, पप्पू यादव, संतोष यादव, विकाश रजक, कुणाल यादव, उमेश बैठा, छोटू कुमार आदि मौजूद थे। उधर, व्यापार मंडल अध्यक्ष ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जनजातीय समुदायों के साहस, शौर्य और बलिदान के प्रतीक हैं। उन्होंने अपने क्रांतिकारी विचारों से समाज में जागरूकता की अलख जगाई। भगवान बिरसा मुंडा न केवल पराक्रम, बल्कि सामाजिक चेतना के भी प्रतीक थे, जिन्होंने आदिवासी समाज की दशा और दिशा बदल दी। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के मार्ग का अनुसरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेने की बात कही।

## जमुहरी माई छठ घाट पर मनी देव दीपावली सह प्रकाश पर्व


दीप प्रत्वलित कर देव दीपावली मनाते लोग।

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के उत्तर कोयल नहर स्थित जमुहारी माई छठ घाट पर शुक्रवार को देव दीपावली पर सैकड़ो दीप से छठ घाट रोशन हो उठा। साथ ही जमुहारी माई मंदिर परिसर में अखंड कीर्तन का भी आयोजन किया गया। जहां इस वर्ष भी पवित्र कार्तिक पूर्णिमा के दिन यह आयोजन होता आया हैं, जिसमें काफी संख्या में महिलाएं दीप जला कर प्रकाश से जगमग करती है। इस मौके पर पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, भाजपा नेता अजय प्रसाद गुप्ता, मुन्ना कुमत देव, धर्मेंद्र पाल, गुतं पटेल, प्रदीप पटेल, उदय पासवान, सतीश कुमार आदि मौजूद थे।

## डीडीसी व नगर आयुक्त ने भगवान बिरसा मुंडा को किया नमन

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर शुक्रवार को शहर के स्टेशन रोड स्थित धरती आबा की प्रतिमा पर पलामू डीडीसी शब्बीर अहमद व मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर डीडीसी ने कहा कि आज का यह दिन पूरे राज्य के लिये गौरव का दिन है। आज ही भगवान बिरसा मुंडा का जन्म हुआ था और इसी दिन से झारखंड राज्य अस्तित्व में आया



था। उन्होंने कहा कि राज्य व जिले की खुशहाली एवं संपूर्ण विकास के लिये सबकी सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने बताया कि समाहरणालय सहित अन्य भवनों पर राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर विद्युत साज-सज्जा किया जायेगा। इसी तरह नगर आयुक्त ने भगवान बिरसा मुंडा के विचारों को आत्मसात करने पर बल दिया। इसी क्रम में सामान्य शाखा प्रभारी रश्मि रंजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, एनडीसी विक्रम आनंद, समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान आदि ने भी भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

## बिरसा मुंडा एवं गुरु नानक की जयंती मनायी गयी देव दीपावली

**झारखंड स्थापना दिवस पर जान निकेतन पब्लिक स्कूल में कार्यक्रमों का आयोजन**

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** उमेश सिंह एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से संचालित ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल के रेहला व बेलचंपा शाखा में झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित हुए। दोनों स्कूल में भगवान बिरसा मुंडा व गुरु नानक की जयंती पर नमन किया गया। इसके अलावा देव दीपावली भी मनाई गई। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन की ओर से कई प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी। जिसके विजेताओं को पुरष्कृत किया गया। इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल के निदेशक अमित कुमार उर्फ बाबूल



सिंह ने किया। निदेशक अमित सिंह ने झारखंड राज्य निर्माण के संघर्ष से बच्चों को अवगत कराया। उन्होंने बगवान बिरसा मुंडा व गुरु नानक जी के जीवन पर भी विस्तृत प्रकाश डाला। मौके पर प्राचार्य मनीष पांडेय, दीपक तिवारी, शैलेश चौबे, अजीत तिवारी, सुरेंद्र शर्मा, रतन चौबे, राजेश चौबे, लतीफ अंसारी, वेद प्रकाश सिंह, प्रवीण प्रसाद, विमलेश यादव, विकास पांडेय, अवनीश चौबे, रिचा मिश्रा, मनीषा वर्मा, खुशबू शुक्ला, आभा चौबे, सोनाली सिंह, चंचला दीक्षित, प्रतिभा शुक्ला, कविता सिंह, शिवानी शुक्ला, परमिता गुप्ता, शिवानी कश्यप, ज्योति सिंह, वैशाली सिन्हा, निशिका सिंह आदि आदि मौजूद थे।




## पीओके में नहीं होगा चैंपियंस ट्रॉफी का टूर

### बीसीसीआइ की आपत्ति के बाद आइसीसी ने पीसीबी को मना किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आइसीसी) ने बीसीसीआइ की आपत्ति के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को चैंपियंस ट्रॉफी का टूर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में कराने से मना कर दिया है। न्यूज एजेंसी ने यह दावा एक रिपोर्ट के हवाले से किया है। हालांकि पीसीबी की तरफ से इस मामले पर अब तक कोई ऑफिशियल बयान नहीं आया है। आइसीसी के एक अधिकारी ने मीडिया को बताया कि चैंपियंस ट्रॉफी टूर का प्लान आइसीसी ही जारी करता है। ऐसे में ट्रॉफी के टूर को लेकर किसी चीज को इनकार और स्वीकार करने का कोई सवाल ही नहीं उठता। अभी हम ट्रॉफी के टूर के शेड्यूल को लेकर बातचीत कर रहे हैं। वहीं, सूत्रों की मानें तो बीसीसीआइ सचिव जय शाह ने पीसीबी के चैंपियंस ट्रॉफी का टूर




पीओके में कराने की घोषणा पर आपत्ति जताई है। शाह ने इस मामले को आइसीसी के सामने उठाया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में राजनीति हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। इसे लेकर आइसीसी को कार्रवाई करनी चाहिए। इससे पहले, पीसीबी ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर ट्रॉफी के टूर को लेकर एक पोस्ट शेयर किया था। जिसमें लिखा था, 'टूर 16 नवंबर को इस्लामाबाद से शुरू होगा। इसके बाद यह कई शहरों से होते हुए पीओके के स्कार्दू, हुंजा और मुजफ्फराबाद भी जाएगा।' बतातें चलें कि पाकिस्तान फरवरी 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करने वाला है, लेकिन टीम इंडिया ने पाकिस्तान जाने से मना कर दिया है। दूसरी ओर, आइसीसी ने बीसीसीआइ से चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम को पाकिस्तान नहीं भेजने के लिए लिखित में जवाब मांगा है। जिसमें बीसीसीआइ के जवाब की एक कॉपी पीसीबी को भी देने का अनुरोध किया गया है। गौरतलब हो कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने तीन दिन पहले टीम इंडिया के पाकिस्तान न जाने को लेकर आइसीसी से जवाब मांगा था। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पीसीबी के प्रवक्ता ने बताया था कि अगर सुरक्षा मामलों की वजह से भारत, पाकिस्तान नहीं आ रहा है तो पिछले दिनों न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की टीम ने पाकिस्तान का दौरा किया है। फिर टीम इंडिया को क्यों परेशानी हो रही है।


















आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 16 नवंबर, 2024
www.azadsipahi.in
11

# लुगू बाबा एवं लुगू आयो का आशीर्वाद सभी पर बना रहे, 23 से फिर से सोना झारखंड के निर्माण में मिलकर मजबूती से लग जायेंगे : हेमंत सोरेन

## मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने लुगू बुरु घांटा बाड़ी में की पूजा-अर्चना

**राज्यवासियों की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की**

आजाद सिपाही संवाददाता





**बोकारो/गोमिया/महुआटांड।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को बोकारो के लुगू बुरु घांटा बाड़ी पहुंचे। यहां उन्होंने पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि संताल समाज के अटूट आस्था का प्रतीक, पवित्र स्थल लुगू बुरु घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़ में पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। लुगू बाबा और लुगू आयो का आशीर्वाद सभी पर बना रहे। उन्होंने कहा 23 नवंबर से फिर से हम मिलकर सोना झारखंड के निर्माण में मजबूती से लग जायेंगे। बता दें कि लुगू बुरु घांटा बाड़ी का दोरबारी चट्टान संताल समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यहां संताल जनजाति के लोग अपने पूर्वज लुगु बाबा की पूजा-अर्चना करते हैं और उनके अवशेषों के दर्शन करके धन्य होते हैं। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर यहां दो दिन का अंतरराष्ट्रीय मेला लगता है, जिसमें देश-दुनिया से संताल समाज के लोग आते हैं। वर्ष 2018 में रघुवर दास की सरकार ने लुगु बुरु मेला को राजकीय मेला का दर्जा दिया था। तब से हर साल इस मेला में मुख्यमंत्री शामिल होते हैं। वहीं, वहीं, गोमिया विधानसभा से झामुमो प्रत्याशी व पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो भी मत्था टेकने पहुंचे थे। दूसरी ओर, गोमिया प्रखंड अंतर्गत ललपनिया स्थित संताल समाज के अटूट आस्था के प्रतीक, पवित्र स्थल लुगूबुरु घंटाबाड़ी, धोरोम गाढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने शुक्रवार को पूजा-अर्चना की। उन्होंने राज्यवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। साथ ही लुगू बाबा और लुगू आयो का आशीर्वाद सभी पर बना रहे, यह प्रार्थना की। इससे पहले उनका ललपनिया पहुंचने पर गोमिया के निवर्तमान विधायक सह एनडीए समर्थित आजसू प्रत्याशी डॉ लंबोदर महतो ने स्वागत किया। यहां आयोजित तीन दिवसीय 24वां अंतराष्ट्रीय संताल सरना धर्म महासम्मेलन में देश व दुनिया के संताली समाज के लोग शामिल हुए। साथ ही सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने लुगू पहाड़ में लुगू बुरू की दर्शन कर पूजा अर्चना की।

# जेएलकेएम का विधायक बनने पर 75 फीसदी वेतन जनता को दान करेंगे : जयराम महतो



**जेएलकेएम प्रत्याशी पूजा महतो के पक्ष में सुप्रीमो जयराम महतो ने सभा कर की मतदान की अपील**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोमिया।** प्रखंड के स्वांग स्थित नेहरू स्मारक उंच्च विद्यालय मैदान में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) का शुक्रवार को बदलाव महासभा का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष बसंत प्रसाद एवं संचालन ब्रजेश कुमार महतो ने किया। लोगों से खचाखच भरे सभा में जेएलकेएम के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो एवं गोमिया विस से मोर्चा प्रत्याशी पूजा महतो ने लोगों को संबोधित कर अपने पक्ष में मतदान की अपील की। जयराम महतो ने कहा कि झारखंड राज्य में खास कर बोकारो जिले में औद्योगिक प्रतिष्ठानों की भरमार है, लेकिन यहां के स्थानीय युवा रोजगार की तलाश में पलायन करने को मजबूर हैं। राज्य सरकार द्वारा नियोजन नीति नहीं बनाए जाने के कारण स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। कहा कि कुछ लोगों का जरूरत से ज्यादा अमीर होना ही गरीबी का कारण है। हमारी पार्टी का जो भी विधायक बनेगा, उसका 75 फीसदी वेतन जनता को दान करेंगे और सत्ता में आने पर जनप्रतिनियों को बंगला के स्थान पर सिर्फ एक साधारण आवास उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंडियों का अधिकार किसी भी कीमत पर छीनने नहीं दिया जाएगा। वहीं, प्रत्याशी पूजा महतो ने कहा कि झारखंड में किसी भी चीज की कमी नहीं है, सिर्फ इसको संवारने की जरूरत है। मैं अगर चुनाव जीतूंगी तो क्षेत्र की सभी जनता खुद को विधायक समझेंगे। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष बसंत रवानी, महादेव महतो, पंसस सह युवा मोर्चा के केंद्रीय सचिव सैफ अली, जगदीश महतो, प्रमोद पासवान, बबन सिंह, चमन ठाकुर, भुनेश्वर महतो, चेतलाल महतो, आजाद राही, दिलीप पासवान, चूरामन महतो, विशाल ठाकुर, विकास रंगीला, लाली पटेल, सावित्री कर्मकार, दीपक नायक आदि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री योगी ने राम दरबार एवं काली मंदिर में की पूजा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** निरसा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी अपर्णा सेन के पक्ष में गुरुवार को प्रचार करने पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीपैड पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरेश सिंह ने स्वागत किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को तालडांगा स्थित राम दरबार और काली मंदिर की महत्ता के बारे में बताया, जिसके बाद योगी आदित्यनाथ खुद को काली मंदिर जाने से रोक नहीं सके। मुख्यमंत्री योगी अमरेश सिंह के साथ राम दरबार और काली मंदिर पहुंच कर विधि विधान से पूजा किया। बतातें चलें कि योगी आदित्यनाथ ने मंदिर की भव्यता का जिक्र चुनावी सभा में भी किया।

## आजसू प्रत्याशी ने बड़े-बुजुर्गों से लिया आशीर्वाद, घर-घर जाकर किया संवाद

# विकास की नयी गाथा लिखने को गोमिया तैयार: डॉ लंबोदर

आजाद सिपाही संवाददाता



लोगों के बीच संपर्क व जनसंवाद करते आजसू प्रत्यासी डॉ लंबोदर मतो।

**गोमिया।** निवर्तमान विधायक सह एनडीए समर्थित आजसू प्रत्याशी डॉ लंबोदर महतो ने शुक्रवार को तुलबुल, होसिर पश्चिमी, होसिर पूर्वी साड़म पश्चिमी, साड़म पूर्वी एवं सरचिया पंचायत अंतर्गत गांवों टोलों के घर-घर जाकर बड़े बुजुर्गो से मिलकर आशीर्वाद लिया और उनसे संपर्क व संवाद किया। साथ ही चौक-चौराहों पर लोगों से मुलाकात भी की। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से यहां के मतदाता हमसे जुड़ रहे हैं, उससे यह साबित हो रहा है कि विकास की नयी गाथा लिखने वाले हैं, ताकि गोमिया की आन-बान-शान बरकरार रह सके। हमारा संकल्प गोमिया वासियों की हर समस्याओं का समाधान करना है। यहां लोग एनडीए को जिताने के लिए कृत संकल्पित हैं। कहा कि यह चुनाव केवल विधायक, मंत्री व मुख्यमंत्री चुनने के लिए नहीं, बल्कि यह चुनाव गोमिया विधानसभा क्षेत्र की जनता के भविष्य को तय करने वाला है। हमने हर वर्ग का सम्मान किया है। मान सम्मान देने में कभी पीछे नहीं रहा हूं। क्षेत्र की तरक्की व प्रगति को लेकर बराबर संघर्षरत हूं। विकास के जिस रास्ते को हमने तय किया है, उसे बरकरार रखना है। इस कार्य में पुनः गोमिया विधानसभा क्षेत्र की जनता का मुझे अपार समर्थन मिलेगा, ऐसा हमें भरोसा व विश्वास है। उन्होंने कहा कि एनडीए की रोटी, बेटी व माटी को बचाने और जल जंगल व जमीन की रक्षा करने का संकल्प एक-एक जनता का संकल्प बन गया है। डॉ लंबोदर महतो के घर-घर अभियान में आदित्य महतो, अनिल प्रजापति, सौरभ रुद्रा, रंजीत साव, दीपक सिंह, राजू तिवारी, बाबू मुंडा, संदीप सिंह, भूपेंद्र कुमार महतो, विक्रम साव, विनय साव, विशाल कुमार, अनिल कुमार, बसंती देवी, सुमित्रा देवी, संगीता देवी, रेखा देवी, शांति देवी, दीपिका देवी, सुमित्रा देवी, कंचन देवी, बीना देवी, प्रेमलता देवी कौशल्या देवी व आशा देवी सहित एनडीए घटक दल के नेता, कार्यकर्ता, सांसद व विधायक प्रतिनिधि आदि शामिल हुए। दूसरी ओर, सदमा कलां पंचायत के रणधीर कुमार, गौतम कुमार, सुरेश मरांडी, राकेश मुर्मू, विनोद कुमार, रायचंद मुर्मू, भुवनेश्वर मुर्मू, दुर्गा सोरेन, रोहित मुंडा, विष्णुमुंडा, राजू कुमार, बबलू कुमार, अमित सोरेन, निखिल बास्के, प्रतिला देवी, विनोद रजक, गीता देवी, सीतादेवी व सविता देवी ने आजसू का दामन थाम लिया।

# बाबूलाल मरांडी ने चलाया जनसंपर्क



**धनवार (आजाद सिपाही)।** झारखंड भाजपा के अध्यक्ष व राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री सह राजधनवार विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। उनकी मौजूदगी में जनसमर्थन हासिल करने के लिए पूर्व प्रोफेसर केपी शर्मा के साथ धनवार विस के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क कर लोगों से मतदान की अपील की गयी। इस अवसर पर केपी शर्मा ने कहा कि बाबूलाल मरांडी जी को राजधनवार विधानसभा क्षेत्र में मिल रहा आपार जनसमर्थन उनकी जीत का का प्रतीक है। बाबूलाल मरांडी निश्चित ही भारी मतों से विजयी होंगें।

# चुनाव जीतते ही धनबाद में विकास का जाल बिछाऊंगा : अजय दुबे



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अजय दुबे ने जेसी मल्लिक रोड, पुलिस लाईन मैयरा पाडा, बाऊरी पाडा, ग्वाला टोला, अस्पताल कॉलोनी, विकास नगर, केंदुआ-4 नंबर, केन्दुआ खटाल, भिस्तीपाडा और माडा कॉलोनी आदि के सामने जनसंपर्क अभियान चलाकर एवं नुक्कड़ सभा कर लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। कहा कि धनबाद में परिवर्तन की बयार बह रही है। कहा कि अजय दुबे के बढ़ते जनाधार व लोकप्रियता से भाजपा के लोग हताश एवं विचलित हैं। क्षेत्र के सभी समुदायों के लोगों का अपार समर्थन मिल रही है। धनबाद में ऐतिहासिक जीत होगी। उन्होंने भाजपा और वर्तमान विधायक की कड़ी आलोचना की। साथ ही वादा किया कि उनकी जीत होती है तो धनबाद में विकास का जाल बिछायेंगें। इस मौके मदन महतो, नवनीत नीरज, सुंदर यादव, शाहिद कमर, रामगोपाल भुवानिया, राम चौरसिया, लक्ष्मण तिवारी और संजय जयसवाल आदि उपस्थित थे।

# गोगो दीदी योजना से घबरा गयी है हेमंत सरकार : नीना नारायण



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** चास नगर निगम के सोलागिरी में शुक्रवार को भाजपा महिला शाखा की बैठक हुई। जिसमें गोगो दीदी योजना के बारे में जानकारी दी गई। एनडीए प्रत्याशी बिरची नारायण की पत्नी नीना नारायण ने कहा कि योजना से महिलाओं को 25 हजार रुपए मिलेंगे। कहा कि भाजपा की ओर से झारखंड की मां-बहनों के लिए लायी गयी गोगो दीदी योजना से हेमंत सरकार घबरा गयी है। इसी कारण हड़बड़ी में मंईयां सम्मान योजना की राशि को एक हजार से बढ़ाकर 2500 रुपए किये जाने की बात कर रही है। जो भविष्य के गर्त में है। क्योंकि इस चुनाव में प्रदेश के जागरूक मतदाता उसे दोबारा मौका देने वाले नही है।

# अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने रोहित यादव के पक्ष में किया रोड शो



**महुदा (आजाद सिपाही)।** बाघमारा विधानसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी रोहित यादव के पक्ष में शुक्रवार को भोजपुरी अभिनेत्री व गायिका अक्षरा सिंह ने चुनाव प्रचार किया। कतरास स्थित राहुल चौक से रोड शो कर बाघमारा के माटीगढ़ मैदान में आयोजित एक विशाल चुनावी जनसभा में पहुंची। वहां उन्होंने लोगों से रोहित यादव के पक्ष में मतदान करने की अपील की। अक्षरा सिंह ने कहा कि कल ही उन्हें फोन कर जान से मारने एवं 50 लाख रुपये की रंगदारी देने की मांगी गई हैं। पर वे सिर्फ रोहित यादव के लगन एवं अथक परिश्रम की चर्चा अखबारों के माध्यम से देख एवं पढ़ कर प्रभावित हुई और उनके पक्ष में चुनाव प्रचार करने पहुंच गयीं। मेरी अपील है किसभी रोहित जी को सिलाई मशीन छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाये। वहीं प्रत्याशी रोहित यादव ने कहा कि चुनावी वैतरणी पार लगाना जनता का काम है। ढुल्लू महतो के आतंक से बाघमारा की जनता को निजात दिलाना ही उनका मकसद है। उन्होंने कहा कि आज देश के किसी कोने में इतनी बेरोजगारी नहीं है, जितनी बाघमारा में है। यहां पेयजल बहुत बड़ी समस्या है। उन्होंने सांसद ढुल्लू महतो पर जुबानी हमला किया। कहा कि साल 1993-94 में ढुल्लू महतो उनके यहां मजदूरी करते थे। इसके लिए उन्हें 1200 रुपए वेतन मिलता था। आज वह 10 हजार करोड़ रुपये की संपत्ति के मालिक हैं। जो जनता का पैसा हैं। इनका हिसाब बाघमारा वासियो को देना पड़ेगा। कहा कि लेडीडुमर, बरोरा व बाघमारा में लोगों की जो जमीने छिनी हैं, उसे रैयतो को वापस दिलाऊंगा। उन्होंने बाघमारा के मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस मौके पर पप्पू दुबे, हंजलाबिन हक, सोनू शर्मा, मीनाक्षी गुड़िया रानी, धर्मेंद्र कुमार भुंया, निर्मल रवानी, कन्हाई सिंह, डबलू महथा, सुरेश सिंह, दिलीप मिश्रा, रजनी देवी आदि उपस्थित थे, विभिन्न पार्टियों को छोड़कर आये हैं।

# भाकपा माले ने मनायी धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बिरसा मुंडा की जयंती एवं झारखंड स्थापना दिवस पर भाकपा माले जिला कमेटी ने टेंपल रोड, पुराना बाजार कार्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे माले जिला सचिव कॉ बिंदा पासवान ने कहा कि बिरसा मुंडा एक क्रांतिकारी थे, जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ जुझारू संघर्ष किए। अंग्रेजी गुलामी से मुक्ति ही नहीं, बल्कि एक शोषण मुक्त समाज निर्माण करना उनका उद्देश्य था जिसे साकार करने के लिए एक नई जनक्रांति की आवशकता है। इस मौके पर सुभाष चटर्जी, सुभाष प्रसाद सिंह, राणा चट्टराज, मनीष यादव, राम लाल, शिव बालक पासवान, राजेश बिरुवा, चिंटू रवानी, किरण मुखर्जी, महेश चौहान, चांदों चौहान, सिकंदर चौहान और कमलेश चौहान आदि उपस्थित थे।

# जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए झारखंड के असली हकदारों को विजयी बनायें: आलोक दुबे

## कहा- बिरसा मुंडा की जयंती पर झारखंड की विरासत की रक्षा के लिए एकजुट हों झारखंडवासी

आजाद सिपाही संवाददाता



भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन करते कांग्रेसी नेतागण।

**धनबाद।** विकास के नाम पर आदिवासी समुदायों को विस्थापित कर झारखंड के मूल आत्मा को मिटाने की कोशिश करने वालों को झारखंड की जनता विधानसभा चुनाव में मुंहतोड़ जवाब देगी। उक्त बातें प्रदेश कांग्रेस के महासचिव आलोक कुमार दुबे ने कही। वे शुक्रवार को भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर धनबाद के हीरापुर में बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने और झारखंड के लोगों को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देने के साथ कही। कहा कि 'संघर्ष से ही जीत होती है, समर्पण से नहीं'। वहीं, श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में धनबाद जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मो जिन्ना, संजीत यादव, अभिषेक साहू, विशाल सिंह, अनिकेत कुमार और पप्पू पासवान शामिल थे। इस अवसर पर आलोक दूबे ने कहा कि आज झारखंड 24 वर्ष का हो गया है, लेकिन आज भी राज्य के युवाओं को बिरसा मुंडा की तरह संघर्ष और दृढ़ संकल्प की आवश्यकता है। उन्होंने झारखंड की सत्ता पर काबिज होने के लिए एनडीए सरकार के 'बटेंगे तो कटेंगे' जैसे नारों की आलोचना की। कहा कि अब ऐसे नेताओं और उनकी ओछी राजनीति को झारखंड से बाहर का रास्ता दिखाने की जरूरत है। यह बदलाव तभी संभव है जब अजय दुबे जैसे नेता विधानसभा में आएं और राज्य को नई दिशा दें। उन्होंने राज्य में भाजपा के 15 साल एवं डबल इंजन के शासन पर भी तीखा प्रहार किया। कांग्रेस महासचिव ने कहा अजय दूबे जैसे नेतृत्व के साथ ही धनबाद का विकास और झारखंड का कायाकल्प संभव है। कहा कि भाजपा ने झारखंड के लोगों के अधिकारों और संसाधनों पर हमले किए हैं। झारखंड के जल, जंगल और जमीन की रक्षा का वादा करने वाले आज उन्हीं को बेचने में लगे हैं। विकास के नाम पर आदिवासी समुदायों को विस्थापित किया जा रहा और झारखंड की मूल आत्मा को मिटाने की कोशिश हो रही है। उन्होंने सभी झारखंड वासियों से आआह्वान किया कि झारखंड के असली हकदारों व उनकी विरासत की रक्षा के लिए एकजुट हों।

## बिरसा मुंडा के संघर्ष और अवदान को देश कभी नहीं भूलेगा

# जनजातीय गौरव दिवस पर मुख्यमंत्री ने 1535 करोड़ रुपये की परियोजना का किया शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता





**भुबनेश्वर।** भुवनेश्वर में एक भव्य समारोह में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। देशभर में चलाए जा रहे इस कार्यक्रम का मुख्य कार्यक्रम जहां बिहार के जामुई में मनाया गया, वहीं मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी भुवनेश्वर के जनता मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए और वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने आदिवासियों के विकास के लिए 1535 करोड़ रुपये की परियोजना का शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि बिरसा मुंडा हमारे स्वतंत्रता संग्राम के अद्वितीय योद्धा थे। उन्होंने महान शहीद लक्ष्मण नायक, रत्ना नायक, चकरा बिशोई, दोरा बिशोई, रेंडो माझी जैसे देशभक्तों के त्याग और बलिदान को भी याद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जनजातीय गौरव दिवस के शुभ अवसर पर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के जामुई में 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना' के तहत कई कल्याणकारी परियोजनाओं का शुभारंभ किया है। इस अभियान में ओडिशा के 27 जिलों के 7 हजार 667 गांवों को शामिल किया गया है और हम इस अभियान के सफल कार्यान्वयन के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। इन सभी गांवों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया है। इसमें 16 आश्रम विद्यालयों को हाईस्कूल में अपग्रेड किया जायेगा। प्रति स्कूल 15 करोड़ रुपये के हिसाब से कुल 240 करोड़ रुपये का निवेश किया जायेगा। इसी तरह 13 माध्यमिक विद्यालयों को भी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में परिवर्तित किया जायेगा। इसके लिए प्रत्येक स्कूल के लिए 22 करोड़ रुपये के हिसाब से 286 करोड़ रुपये का निवेश किया जायेगा। 426 प्राथमिक विद्यालय छात्रावासों के निर्माण पर 852 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। इसी तरह, भुवनेश्वर के गोठपाटना में जनजातीय संस्कृति और धरोहर भवन के निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपये का निवेश किया जायेगा। गोठपाटना में जनजातीय भाषा संस्थान के निर्माण के लिए 50 करोड़ रुपये और जनजातीय अस्मिता भवन के निर्माण के लिए 4 करोड़ रुपये का निवेश किया जायेगा। 5 बहुउद्देशीय केंद्रों के निर्माण पर भी 3 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जायेगी। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद बिरसा की स्मृति को जीवित रखने के लिए गौरव दिवस के रूप में मनाया गया और आदिवासियों के विकास के लिए कई योजनाएं लागू की गयीं। अतिथियों में से एक के रूप में, केंद्रीय विद्युत, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्री श्रीपद नाइक ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा द्वारा आदिवासी समाज के बंधनों को मजबूत करने और उन्हें बेहतर बनाने के लिए किये गये प्रयास अद्वितीय हैं।

# झारखंड की माटी आज फिर संकट में है : शिवराज सिंह

> झारखंड की पवित्र माटी को बचाने के लिए भगवान मुंडा ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था।

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** केंद्रीय कृषि मंत्री और भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने देवघर में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड की जिस पवित्र माटी को बचाने के लिए भगवान बिरसा मुंडा ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, आज वह फिर संकट में है। जिस माटी, बेटी और रोटी के लिए भगवान बिरसा मुंडा ने 'उलगुलान' क्राति का आह्वान किया था आज उस माटी, बेटी और रोटी पर घुसपैठिए कब्जा कर रहे हैं। शिवराज चौहान ने कांग्रेस के झारखंड प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर के घुसपैठियों को गैस सिलेंडर देने वाले बयान पर कांग्रेस आलाकमान को घेरते हुए कहा कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे जवाब दें कि क्या वो अपने नेता गुलाम अहमद मीर के घपुसपैठियों को सिलेंडर देने वाले बयान से सहमत हैं। उन्होंने कहा कि गुलाम अहमद मीर कह रहे हैं कि कांग्रेस की सरकार अगर बनी तो घुसपैठियों को 450 रुपये में गैस सिलेंडर देंगे। इस बयान से दो बातें स्पष्ट हो गयी हैं, पहली झारखंड में घुसपैठिए हैं और दूसरी घुसपैठिए इनके वोट बैंक हैं। शिवराज ने कहा कि क्या अवैध घुसपैठियों का पालन-पोषण कांग्रेस का एजेंडा है? क्या झारखंड के संसाधनों पर घुसपैठियों का अधिकार है? क्या आदिवासियों की जमीनें छीनने वाले, उनकी माताओं-बहनों और बेटियों की अस्मिता से खिलवाड़ करने वाले घुसपैठियों के साथ कांग्रेस-जेएमएम का गठबंधन है? क्या कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने वोट के बदले, अवैध घुसपैठियों के साथ कोई सौदेबाजी की है? जेएमएम और कांग्रेस इसका जवाब दे, झारखंड की जनता इसका जवाब चाहती है।

# झारखंड को लव-लैंड-जॉब जिहाद से बचाना है : अनुराग ठाकुर

## प्रदेश वासियों को झारखंड स्थापना दिवस की भी शुभकामनाएं दी

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ के दर्शन कर झारखंड को जेएमएम द्वारा दी गयी 3 बीमारियों लव जिहाद, लैंड जिहाद व जॉब जिहाद से आरोग्य प्रदान करने की कामना की। इसके साथ ही अनुराग ठाकुर ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर उन्हें पुष्पांजलि दी। अनुराग ने युवाओं से भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों पर चर्चा की और उन्हें मोदी सरकार द्वारा धरतीआबा की स्मृति में किये जा रहे कार्यों और योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही समस्त प्रदेश वासियों को झारखंड स्थापना दिवस की भी शुभकामनाएं दीं।

**जमीन और जनसंख्या का संतुलन बिगाड़ा जा रहा है**

इस अवसर पर अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा- यह हमारा सौभाग्य है कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बाबा बैद्यनाथ के दर्शन करने का सौभाग्य मिला। शुक्रवार को भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती भी है। आज पूरा देश जनजातीय गौरव दिवस मना रहा है लेकिन मेरी कामना है कि बाबा बैद्यनाथ हमें उस बीमारी से मुक्ति दिलायें, जो भगवान बिरसा मुंडा की धरती झारखंड को लगी है। जेएमएम के संरक्षण में लैंड जिहाद, लव जिहाद और जॉब जिहाद की बीमारी के जरिए जमीन और जनसंख्या दोनों का संतुलन बिगाड़ा जा रहा है।

**जेएमएम का मतलब जस्ट, मनी मशीन**

ठाकुर ने आगे कहा कि घुसपैठिये आदिवासियों के रोजगार पर भी कब्जा कर रहे हैं। हमारी कामना है कि हम इन घुसपैठियों की बीमारी से मुक्ति पायें, जो यहां के जल, जंगल और जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। झारखंड को अगर आगे बढ़ाना है, तो सबसे पहले घुसपैठियों से मुक्ति पाना है। झारखंड को घुसपैठियों से मुक्ति सिर्फ भारतीय जनता पार्टी ही दिला सकती है, क्योंकि जेएमएम और कांग्रेस वोट बैंक के लिए घुसपैठियों की हितैषी और उनको पालने-पोसने वाली पार्टी है। झारखंड की जनता ने भ्रष्टाचार की मलायी खाने वाली हेमंत सरकार की विदाई तय है। जेएमएम का मतलब जस्ट, मनी मशीन है और राज्य की जनता इस लुटेरी और भ्रष्टाचारी सरकार से त्रस्त होकर इन्हें हटाने और भाजपा की सरकार लाने का मन बना चुकी है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा, महान स्वतंत्रता सेनानी, 'धरती आबा' भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के पावन अवसर पर सभी देशवासियों को जनजातीय गौरव दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

# सोआ ने गृह विज्ञान के स्नातक छात्राओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर 15/11 एजुकेशन एंड रिसर्च (सोआ) द्वारा प्रबंधित स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट (एसएचएम) भुवनेश्वर ने शैलबाला महिला स्वायत्त महाविद्यालय कटक के गृह विभाग के स्नातक छात्रों के लिए 1 से 14 नवंबर तक होटल संचालन पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मूल उद्देश्य आज के युवाओं को होटल उद्योग के चार प्रमुख क्षेत्रों-फ्रंट ऑफिस, हाउसकीपिंग, खाद्य और पेय सेवा और उत्पादन में प्रशिक्षित करना था। ताकि उन्हें अपने दृष्टिकोण, कौशल और ज्ञान को बढ़ाने के अवसर प्रदान किये जा सकें और इस पूरे कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें आवश्यक कौशल और दक्षता प्रदान की जा सके। यह आयोजन ग्राहक सेवा, संचार, समस्या निवारण और संचालन जैसे अन्य क्षेत्रों पर भी केंद्रित था। इसमें 43 छात्रों और शैलबाला महिला महाविद्यालय के कुछ संकाय सदस्यों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन में शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालय (सोआ) के कुलपति और रजिस्ट्रार प्रोफेसर विभूति भूषण प्रधान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। एसएचएम के डीन प्रो सुशांत रंजन चइनी उपस्थित थे और उन्होंने छात्रों के जीवन में इस प्रशिक्षण के महत्व को समझाया और भाग लेने वाले प्रत्येक छात्रों को प्रोत्साहित किया।




# अब ग्रेजुएशन 2 साल में ही कर सकेंगे: यूजीसी

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** स्टूडेंट्स अगले एकेडमिक ईयर से ग्रेजुएशन में कोर्स ड्यूरेशन को घटा या बढ़ा सकेंगे। यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) ग्रेजुएशन 2025-26 एकेडमिक ईयर से ग्रेजुएशन की डिग्री पूरी करने के लिए एक नये फ्लेक्सिबल अप्रोच पर काम कर रहा है। इसके तहत ग्रेजुएशन डिग्री जो 3 से 4 साल में होती है, उसे स्टूडेंट्स कमकर दो से ढाई साल में कर सकेंगे। यह जानकारी यूजीसी चेयरमैन एम. जगदीश कुमार ने आइआइटी मद्रास के एक प्रोग्राम में गुरुवार को दी। आइआइटी मद्रास के डायरेक्टर वी कामाकोटी ने इस पॉलिसी का सुझाव दिया था। इससे पहले राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत यूजीसी डिग्री के बीच में ब्रेक लेने का ऑप्शन भी स्टूडेंट्स के लिए ला चुका है। अगर कोई स्टूडेंट चाहे तो वह कोर्स से ब्रेक ले सकता है और बाद में वापस आकर इसे पूरा कर सकता है। इसे लेकर यूजीसी चेयरमैन ने कहा कि हमारा काम स्टूडेंट्स को क्रिटिकल थिंकर बनाना है। हम उन्हें ऐसा बनाना चाहते है जिससे वो देश के विकास में मदद कर सकें। उन्होंने आगे कहा कि यूजीनी ने पहले ही कई एंट्रेंस और एग्जिट ऑप्शन दिये हैं, ताकि कमजोर स्टूडेंट्स ब्रेक ले सकें और अपनी पसंद के अनुसार सिलेबस पूरा कर सकें। हमारा उद्देश्य स्टूडेंट्स को ज्यादा फ्लेक्सिबल बनायेगा और ज्यादा मौके देगा। इसके साथ ही जगदीश कुमार ने कहा कि 12-13 नवंबर को दिल्ली में हायर एजुकेशन की बैठक में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नेप 2020 की प्रोग्रेस को रिव्यू किया है और इसे लागू करने की बात कही है। पश्चिम बंगाल और केरल जैसे राज्यों ने शिक्षा नीति का विरोध किया। इन राज्यों ने चार वर्षीय डिग्री प्रोग्राम शुरू किये। तमिलनाडु ने नेप को नहीं अपनाया था और इसके बजाय राज्य शिक्षा नीति का फॉर्मेट तैयार किया था। ऐसे में यह एक अच्छी शुरूआत होगी।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**